mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-221 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
10 अगस्त 2024 शनिवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



घरेलू क्रिकेट से... @ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### स्थगित नहीं होगी कल होने वाली नीट यूजी परीक्षा

- नीट यूजी 2024 परीक्षा पर आया 'सुप्रीम' फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। 11 अगस्त को होने वाली नीट पीजी परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी परीक्षा 2024 को स्थगित करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया है कि इस परीक्षा को स्थगित नहीं किया जा सकता। मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, हम 5 याचिकाकर्ताओं के चलते 2 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर नहीं लगा सकते। कोर्ट ने यह बात कहते हुए याचिका को खारिज कर दिया। अब यह साफ है कि नीट पीजी परीक्षा 11 अगस्त को ही आयोजित होगी। बता दें कि याचिकाकर्ता ने 11 अगस्त को होने वाली परीक्षा को दो बैच में आयोजित करने को चुनौती दी थी और परीक्षा को स्थगित करने की मांग की थी।

### बिहार में मंदिर, मठ और ट्रस्ट के लिए नया फरमान जारी

- अब रजिस्ट्रेशन हुआ अनिवार्य, डेटा बोर्ड की वेबसाइट पर होगा अपलोड

नई दिल्ली (एजेंसी)। वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पर लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। फिलहाल बिल जेपीसी के पास भेज दिया गया है। इस बीच बिहार से एक खबर आई है, जहां सरकार ने सभी जिलों के अधिकारियों को कहा है कि मंदिरों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया जाए और जिन मंदिरों का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है उन्हें रजिस्टर किया जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह कहा गया है कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के पास रजिस्ट्रेशन मौजूद रहे। ऐसे मंदिरों का डेटा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने का निर्देश भी दिया गया है। विधि विभाग के अंतर्गत आने वाले बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के पास यह डेटा होना ही चाहिए। बिहार सरकार ने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया से गुजरना अनिवार्य किया है।

### 130 किमी की स्पीड से दौड़ी 20 कोच वाली वंदे-भारत

- अहमदाबाद-मुंबई रूट पर हुआ ट्रायल,सफेद की जगह भगवा रंग के कोच

अहमदाबाद (एजेंसी)। अहमदाबाद-मुंबई के बीच 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी चल रही है। इसके तहत सुबह अहमदाबाद के कालूपुर रेलवे स्टेशन से 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन किया गया। ट्रेन को 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया गया। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और इंजीनियरों ने ट्रायल का निरीक्षण किया। बता दें, इस रूट पर अभी 16-16 कोच की दो वंदे भारत ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इन्हें मिल रहे 100 फीसदी रिस्पॉन्स और ऑक्यूपेंसी को देखते हुए देश की पहली 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन चलाने का फैसला किया गया है। जब वंदे भारत ट्रेन शुरू की गई, तब वह सफेद रंग के डिब्बों वाली ट्रेन थी। अब वंदे भारत ट्रेन का रंग बदलकर भगवा कर दिया गया है। अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल के बीच ट्रायल करने की मंजूरी दी थी।

## पूर्वोत्तर के नेता नहीं चाहते उनके राज्य में घुसे शरणार्थी

**हिंसा प्रभावित हिंदुओं को भारत में प्रवेश देने को लेकर बीजेपी में मतभेद**



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में फैली अराजकता के बीच हिंदुओं पर हमले की खबरें भी सामने आ रही हैं। कई वीडियो में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं भी देखी जा सकती हैं। वहीं, जब से ढाका में शेख हसीना सरकार गिरी है और अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की खबरें सामने आई हैं, तब से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेताओं ने केंद्र सरकार से संकटग्रस्त समुदाय की सुरक्षा के लिए कदम उठाने की अपील की है। इस सबके बीच भारतीय जनता पार्टी बांग्लादेश में हिंसा का सामना कर रहे हिंदू समुदाय के सदस्यों की सुरक्षा के लिए पार्टी के भीतर बार-बार की जा रही मांग से परेशान है। पार्टी के लिए अधिक समस्या यह है कि पूर्वोत्तर भारत में उसके अपने नेता अपने राज्यों में बांग्लादेशी प्रवासियों की बड़ी आमद नहीं चाहते हैं। बंगाल के भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने हाल ही में इस मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और तर्क दिया कि बांग्लादेश में अस्थिरता के परिणामस्वरूप करोड़ों लोग भारत में, खासकर बंगाल में घुसने की कोशिश कर सकते हैं।

### पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्री नहीं देना चाहते बांग्लादेशियों को एंट्री

वहीं, दूसरी ओर कुछ भाजपा नेताओं की राय इससे अलग है। बांग्लादेश की सीमा से लगे पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्रियों का मत अलग है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश में इस हफ्ते हुई घटनाओं के बाद उनके राज्य और पड़ोसी देश के बीच की सीमा को पूरी तरह से सुरक्षित रखा गया है और अभी तक किसी ने भी हमारी सीमा में प्रवेश नहीं किया है। त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा ने भी कहा कि सीमा को सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने भी घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की वकालत की। वहीं, गाजियाबाद की बीजेपी नेता डॉ उदिता त्यागी ने बांग्लादेश के दो टुकड़े करने की मांग की है। गुरुवार को जारी एक वीडियो में उदिता त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में हस्तक्षेप कर अपनी सेना बांग्लादेश भेजें और उसके दो टुकड़े करके हिंदुओं के लिए अलग देश बनाएं। ऐसा करने से ही वहां रहने वाले हिन्दू भाई-बहनों की रक्षा संभव है। इस सबके बीच नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के गुरुवार को बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और अपने देश में हिंदुओं सहित सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। कहा-हम हिंदुओं और अन्य सभी अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा चाहते हैं।

## वक्फ संशोधन-बिल के लिए बनी जेपीसी में होंगे 31 मेंबर्स

- 10 सांसद राज्यसभा से, औवेसी, सपा के मोहिबुल्ला और कांग्रेस के इमरान मसूद भी शामिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा ने शुक्रवार को वक्फ संशोधन बिल के लिए बनाई जाने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। इस समिति में 31 सदस्य होंगे। इसमें लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 मेंबर होंगे। समिति को रिपोर्ट संसद के अगले सत्र के पहले हफ्ते में देनी होगी। संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू लोकसभा में बिल को जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव रखा। रिजिजू ने एक दिन पहले यानी गुरुवार 8 अगस्त को लोकसभा में वक्फ बिल 2024 पेश किया था। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने इस बिल का विरोध करते



हुए इसे मुस्लिम विरोधी बताया था। विपक्ष की आपत्ति और भारी विरोध के बीच ये बिल लोकसभा में बिना किसी चर्चा के जेपीसी को भेज दिया गया था।

### जेपीसी में लोकसभा से 21 सदस्य

1. जगदंबिका पाल 2. निशिकांत दुबे 3. तेजस्वी सूर्या 4. अपराजिता सारंगी 5. संजय जायसवाल 6. दिलीप सैकिया 7. अभिजीत गंगोपाध्याय 8. श्रीमती डीके अरुणा 9. गौरव गोगोई 10. इमरान मसूद 11. मोहम्मद जावेद 12. मौलाना मोहिबुल्ला 13. कल्याण बनर्जी 14. ए राजा 15. एलएस देवरायलु 16. दिनेश्वर कामत 17. अरविंत सावंत 18. सुरेश गोपीनाथ 19. नरेश गणपत मास्के (शिवसेना, शिंदे गुट) 20. अरुण भारती 21. असदुद्दीन ओवैसी शामिल हैं।


## न्यूक्लियर हथियार में यूज होने वाला मटेरियल बिहार में मिला

**850 करोड़ के 50 ग्राम रेडियोएटिव कैलिफोर्नियम के साथ 3 गिरतार**

गोपालगंज (एजेंसी)। गोपालगंज में दुनिया के दूसरे सबसे महंगे रेडियोएक्टिव कैलिफोर्नियम को जब्त किया गया है। इसके एक ग्राम की कीमत 17 करोड़ रुपए है। जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बल्थरी चेकपोस्ट पर पुलिस ने 50 ग्राम कैलिफोर्नियम बरामद किए हैं। इसके साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक तस्कर और दो लाइनर शामिल है।

फिलहाल सभी अभियुक्तों से पुलिस पूछताछ कर रही है। बरामद रेडियोएक्टिव की कीमत करीब 850 करोड़ रुपए बताई जा रही है। ये एक प्रतिबंधित रेडियोएक्टिव पदार्थ है, भारत में आम आदमी इसको खरीद या बेच नहीं सकता। इसका इस्तेमाल न्यूक्लियर वेपन्स, न्यूक्लियर प्लांट से बिजली उत्पादन, पोर्टेबल मेटल डिटेक्टर बनाने में होता है। साथ ही ब्रेन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में भी इसका इस्तेमाल होता है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुख्य तस्कर यूपी का है। छोटे लाल प्रसाद (40) उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के तमकुही राज थाना क्षेत्र का निवासी है।

इसके अलावा दोनों लाइनर नगर थाना क्षेत्र के कौशल्या चौक वार्ड नंबर 22 निवासी योगेंद्र साह का 40 साल का बेटा चंदन गुप्ता और महमदपुर थाना क्षेत्र के कुशहर मठिया निवासी हरेंद्र राम का 28 साल का बेटा चंदन राम गिरफ्तार हुआ है। एसपी ने बताया कि पुलिस



को गुप्त सूचना मिली थी कि बहुमूल्य पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर कुचायकोट थाना की ओर से तत्काल कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तत्काल छापेमारी करते हुए 50 ग्राम रेडियोएक्टिव पदार्थ कैलिफोर्नियम को जब्त किया गया।

जानकारी के अनुसार कैलिफोर्नियम के 1 ग्राम की कीमत करीब 17 करोड़ रुपए बताई जा रही है। वहीं जब्त की गई 50 ग्राम कैलिफोर्नियम की कीमत करीब 850 करोड़ रुपए हो सकती है। इसकी सत्यता के लिए डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी से संपर्क साधा जा रहा है। एफएसएल की विशेष टीम को भी पदार्थ की जांच के लिए बुलाया गया है। इसके अलावा तस्करी, हैंडलिंग और जुड़े लिंक को भी खंगाला जा रहा है।

**मंगल को रहने लायक बनाने की तरफ बड़ी छलांग**

## बिना परमाणु बम के ही ग्रह का तापमान बढ़ाने की मिली तकनीक



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** मंगल ग्रह पर जीवन की संभावना खोजने में जुटे वैज्ञानिकों को अहम कामयाबी मिली है। साइंस एडवांसेज में पब्लिश रिपोर्ट में शिकागो विश्वविद्यालय, नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी और सेंट्रल फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मंगल ग्रह के वातावरण को बदलने के दृष्टिकोण का खुलासा किया है। इस नए तरीके में मंगल ग्रह के वायुमंडल में इंजीनियर्ड धूल के कणों को छोड़ा जाएगा, जो ग्रह को 50 डिग्री फारेनहाइट से ज्यादा गर्म कर देंगे। इससे ग्रह का तापमान इतना हो जाएगा कि यहां माइक्रोबियल जीवन संभव हो जाएगा। इस रिसर्च को मंगल को रहने योग्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहला कदम कहा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये प्रस्तावित तकनीक वैश्विक स्तर पर मंगल ग्रह को गर्म करने के उद्देश्य से पिछली योजनाओं की तुलना में 5,000 गुना ज्यादा बेहतर है। ये मंगल ग्रह के वातावरण को बदलने की हमारी क्षमता में एक महत्वपूर्ण प्रगति को भी दर्शाता है। इससे पहले पृथ्वी से सामग्री आयात करने या दुर्लभ मंगल ग्रह के संसाधनों का खनन करने की बात तापमान बढ़ाने के लिए कही गई थी। परमाणु के इस्तेमाल की भी चर्चा होती रही है लेकिन नया दृष्टिकोण मंगल पर आसानी से उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाता है।

## सांसद बना रहेगा खालिस्तानी आतंकी अमृतपाल

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की सदस्यता खत्म करने की मांग वाली याचिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जेल में बंद अमृतपाल सिंह को पंजाब के खडूर साहिब से सांसद चुने जाने के खिलाफ दायर



याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति गवई और न्याय मूर्ति विश्व नाथन की पीठ के समक्ष दावा किया कि संविधान का अनुच्छेद 84 संसद की सदस्यता के लिए योग्यता से संबंधित है और कहता है कि कोई व्यक्ति संसद की सीट भरने के लिए तब तक योग्य नहीं होगा जब तक वह भारत का नागरिक न हो।

## 17 महीने बाद जेल से रिहा हुए मनीष सिसोदिया

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा-जमानत नियम और जेल अपवाद**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जमानत दे दी। जमानत के बाद सिसोदिया को रिहा कर दिया गया है। सिसोदिया 17 महीने से तिहाड़ जेल में बंद थे। सिसोदिया को दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई और ईडी, दोनों केस में राहत मिली है। सीबीआई ने भ्रष्टाचार केस में सिसोदिया को 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने 9 मार्च, 2023 में उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने 28 फरवरी, 2023 को मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा- केस में अब तक 400 से ज्यादा गवाह और हजारों दस्तावेज पेश किए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में केस खत्म होने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। ऐसे में सिसोदिया को हिरासत में रखना उनके स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा। सुप्रीम कोर्ट की ऑर्डर कॉपी राउज रेवेन्यू कोर्ट भेजी



जाएगी। वहां सिसोदिया को 10-10 लाख का बेल बॉन्ड भरना होगा। फिर रिलीज ऑर्डर तिहाड़ जेल भेजा जाएगा। इसके बाद सिसोदिया बाहर आएंगे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथ की बेंच ने सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुनाया है।






## समस्या यह है कि हमारे पास कानून हैं,लेकिन अमल नहीं हो पाते

**वायनाड लैंडस्लाइड हादसे पर केरल हाईकोर्ट के कह दी खरी-खरी**

**वायनाड (एजेंसी)।** केरल के वायनाड में 30 जुलाई को हुई लैंडस्लाइड में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। केरल हाईकोर्ट ने इस मामले का खुद संज्ञान लिया है। जस्टिस जयशंकरन नांबियार और जस्टिस वीएम श्यामकुमार की बेंच ने आज इस पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- यदि पर्यावरण ऑडिट किया गया है, तो हमें इसकी रिपोर्ट चाहिए। समस्या यह है कि हमारे पास कई कानून हैं, लेकिन जमीन पर नजर नहीं आते। हम इस मामले पर हर शुक्रवार को सुनवाई करेंगे। अगली सुनवाई 16 अगस्त को होगी। लैंडस्लाइड में अब भी 138 से ज्यादा लोग लापता हैं। 10 दिन से जारी रेस्क्यू ऑपरेशन में आर्मी के जवानों ने मलबे में दबे कई लोगों को जिंदा बाहर निकाला। केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को महाधिवक्ता को तलब किया और उन्हें कानून सहित मामलों पर विचार करने कहा। साथ ही कहा कि सरकार को सोचना चाहिए कि अवैध खनन और बाढ़ जैसी चीजों को रोकने के लिए कानूनी तौर पर क्या किया जा सकता है। बेंच ने कहा कि केरल के कुछ क्षेत्र ईको सेंसेटिव जोन हैं। इस पर फिर से सोचने की जरूरत है कि क्या यहां सस्टेनेबल डेवलपमेंट संभव है। यदि जरूरी हो तो इन मामलों में मौजूदा नियमों और विनियमों को निरस्त किया जाना चाहिए। वायनाड के 4 गांव मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा में लैंडस्लाइड की घटना हुई है। 5 साल पहले 2019 में भी भारी बारिश की वजह से इन्हीं गांवों में लैंडस्लाइड हुई थी, जिसमें 17 लोगों की मौत हुई थी। 5 लोगों का आज तक पता नहीं चला। 52 घर तबाह हुए थे। वायनाड, केरल के नॉर्थ-ईस्ट में है। यह केरल का एकमात्र पठारी इलाका है। यानी मिट्टी, पत्थर और उसके ऊपर उगे पेड़-पौधों के ऊंचे-नीचे टीलों वाला इलाका। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक, केरल का 43 फीसदी इलाका लैंडस्लाइड प्रभावित है। वायनाड की 51 फीसदी जमीन पर पहाड़ी ढलाने हैं।

## बिजली कार्मिक विद्युत उपभोक्ताओं के फोन कॉल अटैण्ड करना सुनिश्चित करें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बिजली अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि बिजली उपभोक्तों से प्राप्त होने वाली बिजली संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रबंध संचालक ने अपने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि बिजली कार्मिक अपने फोन को 24ङ्ग7 चालू रखें तथा विद्युत उपभोक्ताओं के फोन कॉल को अटेण्ड करना सुनिश्चित करें। गौरतलब है कि बिजली कंपनी के मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के शिकायती फोन कॉल नहीं उठाए जाने को गंभीरता से लिया है। उन्होंने विद्युत शिकायतों के तत्काल निराकरण एवं फोन कॉल अटेण्ड करने को लेकर विभागीय निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों की अवहेलना करने वालों कार्मिकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी विद्युत संबंधी किसी भी समस्या के लिए कंपनी के केन्द्रीयकृत कॉल सेन्टर 1912, उपाय एप, व्हाटसएप चेटबोट, कंपनी की वेबसाइट अथवा सोशल मीडिया के माध्यम भी दर्ज कराकर निराकरण करा सकते हैं। साथ ही अपने निकटतम विद्युत वितरण केन्द्र/जोन कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

## वन्यप्राणी बाघ के अंगो की तस्करी के आरोपी की चौथी जमानत याचिका निरस्त

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश भोपाल एवं टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुये वन्यप्राणी बाघ के अवयवों के अवैध व्यापार व शिकार में लिप्त 04 आरोपियों को वनमंडल दक्षिण सामान्य बालाघाट, वन परिक्षेत्र कटंगी से वन्यप्राणी बाघ की 49 हड्डियों, 14 नाखून व 31 मूंछ के बाल का अवैध व्यापार करते हुये दर्ज किया गया था। गिरफ्तार कर प्रकरण स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स के द्वारा प्रकरण में की गई सटीक विवेचना के आधार परआरोपी सुनील खण्डाते की जमानत याचिका माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने दिनांक 29. 07.2024 को रद्द करते हुये यह माना कि वन्यप्राणी बाघ का योजना बद्ध तरीके से किया गया शिकार अनिम्न श्रेणी का अपराध है। जो प्रकृति के लिए अत्यंत घातक सिद्ध होता है। जिससे उक्त आरोपी को जमानत का लाभ देना उचित नही है तथा प्रकरण की सुनवाई छः माह के भीतर पूर्ण करने के लिये ट्रायल न्यायालय को भी निर्देशित किया गया। इसके पूर्व भी उच्च न्यायालय के द्वारा उक्त आरोपी की जमानत याचिका खारिज तीन बार खारिज की जा चुकी है। प्रकरण की सुनवाई सीजेएम न्यायालय जबलपुर में जारी है।

## हॉकी में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय टीम को दी बधाई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने पेरिस ओलंपिक-2024 में हॉकी में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय हॉकी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी में पदक जीतकर हॉकी टीम ने भारत का मान बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय हॉकी टीम ने कांस्य पदक मुक़ाबले में स्पेन की टीम को 2-1 से शिकस्त दी। साथ ही भारतीय हॉकी टीम ने 52 वर्ष बाद लगातार दो ओलंपिक में मेडल प्राप्त करने का कीर्तिमान रचा है। भारत ने अभी तक सर्वाधिक 13 पदक हॉकी में जीते हैं जिनमे 8 स्वर्ण, 1 रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

## मृदा स्वास्थ्य कार्ड से मिलेगी कृषकों को उन्नत खेती करने की जानकारी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि किसान समृद्ध हो, आधुनिक रूप से खेती करें, इसकी जानकारी उन्हें होना आवश्यक है। अपने खेत में कौन सी फसल बोएंगे तो अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाये जा रहे है। कृषि विभाग द्वारा किसान के खेत की मिट्टी का परीक्षण कर उस मिट्टी में कौन-कौन से तत्व हैं उसके बारे में किसानों को जानकारी देंगे। साथ ही किसानों को यह भी जानकारी दी जायेगी कि उनके खेत की मिट्टी में कौन-कौन से तत्वों की कमी है, जिसके कारण अच्छी फसल का उत्पादन नहीं हो पा रहा है, अच्छी पैदावार के लिये किन तत्वों की आवश्यकता है इसकी जानकारी विस्तृत रूप से किसानों को दी जायेगी। मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग किसानों के लिये लाभदायक सिद्ध होगा। मंत्री श्री लोधी नीति ने आकांक्षी विकास खंड जबेरा में नोहटा गांव में कृषि विभाग संपूर्णता अभियान के अंतर्गत कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए।

# स्वामी विवेकानन्द जी से आत्म उन्नति और राष्ट्र निर्माण की सीख ले युवा-राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि युवा स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों और साहित्य को जरूर पढ़े। स्वामी जी से आत्म उन्नति और राष्ट्र निर्माण की सीख ले। प्रत्येक देशवासी स्वामी जी की आशा और अपेक्षा के अनुरूप अपने कार्यों का आकलन करे और राष्ट्र हित में योगदान दे। राज्यपाल श्री पटेल कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानन्द जी की दृष्टि में विकसित भारत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कला, संस्कृति और कौशल विकास के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के लिए फाउंडेशन की सराहना की। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि हम सबकी अपने राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी है। युवाओं को स्वामी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व से सीखना चाहिए। स्वामी जी के आदर्शों और आव्हान का अनुसरण करते हुए विकसित भारत




के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा और सामर्थ्य का उपयोग गरीब, वंचित और जरूरतमंदों के हित में करे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि अमेरिका प्रवास के दौरान स्वामी विवेकानन्द जी ने पत्रकारों से कहा था कि यह सदी आपकी है लेकिन 21वीं सदी भारत वर्ष की होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में स्वामी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने का यह स्वर्णिम समय है। हम सबको अगले 25 वर्षों तक समर्पित होकर समृद्ध और विकसित भारत की सुदृढ़ नींव रखना होगा।

उन्होंने कहा कि फाउंडेशन स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य करे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का कार्यक्रम में शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया।

## नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने मृतकों के परिजनों को सांत्वना देकर बँधाया ढ़ाँढ़स

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने भिण्ड जिले की नगर परिषद गोरमी में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में मृतक अभिषेक एवं कलावती के परिजनों से भेंट की। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देकर ढाँढस बँधाया और हरसंभव मदद के लिये आश्वस्त किया। उन्होंने अधिकारियों को दुर्घटनाओं की समुचित जाँच के निर्देश दिये। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि जाँच के बाद भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिये आवश्यक बंदोबस्त किये जायें।

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने संवेदनाएँ व्यक्त कर कहा कि दु:ख की इस घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। नगर परिषद गोरमी के वार्ड क्रमांक 03 में दिनांक 07 अगस्त 2024 को गोंडा की दीवाल गिरने से अभिषेक सिंह पुत्र सरदार सिंह जाति जाटव उम्र लगभग 18 वर्ष एवं नगर परिषद गोरमी के वार्ड क्रमांक 07 में दिनांक 08 अगस्त 2024 को मकान का छज्जा एवं शौचालय गिरने से कलावती पत्नी



रामवीर यादव उम्र लगभग 55 वर्ष की मृत्यु की सूचना पर मंत्री श्री शुक्ला परिजनों से मिलकर संवेदनाएँ व्यक्त करने पहुँचे थे। नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने दुर्घटनाग्रस्त स्थलों का मौका-मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। मंत्री श्री शुक्ला और उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये दो मिनिट को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पशुपालन राज्य मंत्री पटेल ने केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह से की मुलाकात

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पशुपालन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह को प्रदेश के राज्य पशु चिकित्सालय, जिला पशु चिकित्सालय एवं विकासखण्ड स्तरीय पशु चिकित्सालयों के उन्नयन सहित अन्य प्रस्ताव सौंपे।

उन्होंने केन्द्रीय पशुपालन राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल से भी मुलाकात की। मंत्रीगणों ने आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिये गये प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। पशुपालन मंत्री श्री पटेल ने



केन्द्रीय मंत्री से प्रदेश में संचालित चलित पशु चिकित्सा योजना (1962) को और अधिक प्रभावी और लोक कल्याणकारी बनाने के लिये इसके संचालन के लिये 406 अतिरिक्त वाहनों की स्वीकृति हेतु मांग की। उन्होंने विभागीय केन्द्र प्रवर्तित पशु संगणना 2024 तथा अन्य ऑनलाईन प्रविष्टियाँ सुविधाजनक किये जाने के लिये मैदानी अमले को टेबलेट प्रदाय की भी मांग की। मिनौरा (टीकमगढ़) फार्म की भूमि सुरक्षा के लिये बाउंड्रीवाल निर्माण का भी प्रस्ताव दिया।

## राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ सभी की भागीदारी सुनिश्चित कर निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में %हर घर तिरंगा अभियान% अंतर्गत राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भव्य %तिरंगा यात्रा% निकाली जाएगी। इस संबंध में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलास सारंग ने विभागीय अधिकारियों को पूरे प्रदेश में तिरंगे के मान-सम्मान के साथ तिरंगा यात्रा निकालने के निर्देश दिये है। आज तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल स्थित मेजर ध्यानचंद हॉल में %तिरंगा यात्रा% की तैयारियों के सम्बंध में वीसी के माध्यम से सभी जिलों के खेल अधिकारियों की



बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला खेल अधिकारियों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर कहा है कि जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर 313 ब्लॉक में भी तिरंगा यात्रा निकले। इसमें खेल से जुड़े शासकीय और अशासकीय व्यक्ति, स्पोर्ट्स क्लब, सोसायटी, खिलाड़ी, कोच, अकादमी, सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जायें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि 15 अगस्त की शाम को भोपाल के बड़े अथवा छोटे तालाब में वॉटर स्पोर्ट्स खिलाड़ियों के माध्यम से हर वोट पर तिरंगा लहराकर देश प्रेम की भावना को जाग्रत किया जायेगा। इसमें सभी वॉटर स्पोर्ट्स के खिलाड़ियों को जोड़े। इस दौरान देशभक्ति का म्यूजिक/रीदम भी गूंजे। उन्होंने कहा कि ऐसा विहंगम दृश्य दिखे, जिससे सभी अभिभूत हों।

मंत्री श्री सारंग ने विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में एक मार्गदर्शी रूप रेखा जारी करने के निर्देश भी दिये है। उन्होंने कहा कि यात्रा का रूट पहले से निर्धारित किया जाये। जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से निजी और शासकीय स्कूल के समन्वय स्थापित करें। जिले में रहने वाले राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी आमंत्रित करें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मुख्य अतिथि के तौर पर जिले के जन-प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायें।

## केन्द्रीय रेल मंत्री वैष्णव का राज्य मंत्री बागरी ने माना आभार



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने भोपाल-रीवा-भोपाल ट्रेन के संचालन के लिये आभार व्यक्त किया है। श्रीमती बागरी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री श्री वैष्णव से सौजन्य मुलाकात की और विंध्य क्षेत्र को दी गई अभूतपूर्व सौगात के लिये विंध्य क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद दिया। श्रीमती बागरी ने केन्द्रीय मंत्री श्री वैष्णव से भोपाल-रीवा-भोपाल साप्ताहिक ट्रेन के प्रतिदिन संचालन का अनुरोध किया। उन्होंने क्षेत्र की जनता की ओर से ट्रेन का नाम विंध्य एक्सप्रेस करने के लिये पत्र भी सौंपा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्यपालन कर बेरोजगारी दूर करने के लिए मछुआ समृद्धि योजना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्यपालन कर बेरोजगारी दूर करने का सशक्त माध्यम मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना है। योजना के तहत कम समय में अधिक आय देने वाले व्यवसाय के रूप में अपनाया जा रहा है। राज्य सरकार मत्स्य पालन के क्षेत्र में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिये प्रयासरत है, जिसके तहत मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के तहत मत्स्योत्पादन में वृद्धि कर जन सामान्य को मछली के रूप में सस्ता प्रोटीन युक्त आहर एंव रोजगार उपलब्ध कराने की योजना ग्रामीण तालाबो में झींगा पालन कर आय अर्जित की जा सकता है। योजना में पात्र हितग्राही को लाभन्वित किया जावेगा। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना सभी वर्ग के लिए है। एनआरएलएम, स्व-सहायता समूह, मछुआ समूह एंव मछुआ सहकारी समिति के माध्यम से मत्स्य बीज संवर्धन, उत्पादन का कार्य कराया जावेगा। प्रति हितग्राही अधिकतम 1.00 है0 में अनुदान की पात्रता और समूह,



समिति को अधिकतम 2.00 है0 में अनुदान की पात्रता, योजना में इकाई लागत 4.00 लाख प्रति हैक्टेयर, अनुदान इकाई लागत का 40 प्रतिशत यानी 01 लाख 60 हजार होगी। योजना का कियांवयन झींगा पालन के अच्छूक हितग्राही के आवेदन पर तालाब की विस्तृत जानकारी जैसे तालाब पटटा आदेश, अवधि, अनुबंध की शर्तो का पालन एंव अन्य आवश्यक दस्तावेज जो व्यक्ति विशेष, समूह, समिति को पहचान के लिए आवश्यक हो, क्षेत्रीय अधिकारी के माध्यम से जिला अधिकारी मछली पालन विभाग को अपनी अनुशंससा के साथ प्रस्तुत करेगें। अनुदान प्रदाय प्रथम किस्त 50 प्रतिशत जब हितग्राही झींगा बीज तालाब में संचयन उपरांत आहार, अन्य इन्पुट्स क्रयकरण के भैतिक सत्यान पश्चात, द्वित्तीय किस्त 50 प्रतिशत उत्पादित झींगा विक्रय पर देयक के आधार पर अनुपातिक अनुदान, देय होगी। हितग्राही अपने स्वयं के व्यय, बैंक ऋण, क्रेडिट कार्ड के माध्यम एक हेक्टेयर बाहरमासी तालाब के लिए आवर्ती व्यय राशि रू0 4.00 लाख है। झींगा बीज कय एंव पैकिंग, पर व्यय राशि 60 हजार, चुना एंव ब्लीचिंग पाउडर पर व्यय राशि 20 हजार, मेन्यूर (गोबर खाद) पर व्यय राशि 10 हजार, सुपर फास्फेट पर व्यय राशि 03 हजार, युरिया पर व्यय राशि 01 हजार 500, फलोटिंग फिश फीड पर व्यय राशि 2 लाख 80,हजार, अन्य व्यय, मत्स्याखेट उपकरण आदि पर व्यय राशि 25 हजार 500, झींगा उत्पादन 1 वर्ष में 2.00 टन झींगा उत्पादन से प्राप्त राशि 400 प्रति किलो के मान से प्राप्त होगी। इस प्रकार कुल आय 4 से 8 लाख होगी।

# उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने 9 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ विधान सभा के ग्राम डोडिया मीणा से कोलवा मार्ग पर स्थित शिवना नदी पर 5 करोड़ 86 लाख से निर्मित जलमग्नीय पुल का लोकार्पण किया। शिवना नदी पर निर्मित 24 लाख 90 रुपए की लागत के स्टॉपडेम का लोकार्पण किया। श्री देवड़ा ने ग्राम धमनार में 2 करोड़ 99 लाख 28 हजार रुपए की लागत से निर्मित शासकीय हाई स्कूल भवन का लोकार्पण भी किया।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि एक समय था जब यहां पर पुल नहीं था, इसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में बहुत ज्यादा परेशानी होती थी। यहां तक की दुर्घटनाएं भी हो जाती थी, अब पुल के निर्माण हो जाने से आसपास के कई गांवों को इसका लाभ




मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिवना नदी पर निर्मित स्टॉपडेम बन जाने से 10 गांव के 5 हजार किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि पूरे मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 1 हजार करोड़ रुपए की लागत से 212 सड़कों का निर्माण किया गया है और 36 डेम निर्मित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि अब क्षेत्र के हर खेत तक चंबल का पानी पहुंचेगा। सिंचाई को लेकर किसानों को अब किसी भी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। अपनी इच्छा अनुसार खेत पर वाल्व चालू करके किसी भी समय खेत में सिंचाई कर सकते हैं। अब बिजली पर भी किसानों को निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। प्रत्येक गांव में अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाएगा और विकास के मामले में पूरे प्रदेश में मल्हारगढ़ को नंबर एक स्थान पर लाया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उप मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि एक पौधा मां के नाम के तहत सभी अवश्य पौधा लगाए। उन्होंने कहा कि मां के ऋण को कभी नहीं चुकाया जा सकता है, लेकिन एक पेड़ लगाकर कर्तव्य निभाया जा सकता है। उन्होंने तिरंगा यात्रा में शामिल होने की सभी से अपील की और कहा कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा अवश्य लगाए। राष्ट्रभक्ति और देशभक्ति का परिचय दें।

# पुलिस ने जिले में प्रारंभ की अभिनव पहल - आपका थाना आपके गांव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## गांव में ही सुनी समस्याये, किया निराकरण






**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिलो में पुलिस की जनता के बीच सामुदायिक पुलिसिंग, दूरदराज क्षेत्रो में दृश्य पुलिसिंग और पुलिस की उपस्थिती तथा अपराधियों मे डर पैदा करने के उद्देश्य से समाधान आपका थाना आपके गांव का आयोजन किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा जिले में लोगो की समस्या को उनके गांव में ही सुनकर वही पर उसका समाधान करने हेतु समस्त थाना चौकी प्रभारियो को आपका थाना आपके गांव अभियान चलाया जाकर कार्य₹ म के पूर्व वाहन आदि के माध्यम से कार्यक्रम के बारे में प्रचार प्रसार कर कार्यक्रम में संबंधित अनुभाग के राजपत्रित अधिकारियो को संम्मिलित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले भर में समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के उपस्थिति में थाना चौकी प्रभारियों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसके तहत थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम रामपुर पटेहरा में, थाना जमोड़ी अंतर्गत ग्राम सिरसी में, थाना भुईमाड अंतर्गत पंचायत भवन ग्राम करैल में, थाना मझौली अंतर्गत ग्राम पंचायत गंजरी में, थाना अमिलिया अंतर्गत ग्राम बघौड़ी में, थाना कमर्जी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोल्हूडीह में, थाना चुरहट अंतर्गत ग्राम बरिगवां में, थाना कुसमी अंतर्गत ग्राम धूपगढ़ में, थाना बहरी अतर्गत ग्राम पंचायत पडरिया में, थाना रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत चकरौड़ में आपका थाना आपके गांव अभियान का आयोजन किया गया जिसमे संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी, संबंधित थाना चौकी के प्रभारी एवं थाना स्टॉफके साथ ग्राम राजस्व के अधिकारी कर्मचारी, विजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी, पंचायत के सचिव, सरपंच, गणमान्य लोग एवं ग्राम पंचायत की जनता उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में ग्रामीणों को नए कानून, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध एवं महिला संबंधित अपराधों के बारे में जानकारियां दी गई एवं जनता की समस्याओं की सुनवाई की जाकर वही पर निराकरण किया गया।

# सोन नदी में कूदे दो भाई

## दोनों के बीच विवाद हुआ, छोटे भाई ने पहले छलांग लगाई, बचाने कूदा बड़ा भाई



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल जिले के बुढार थाना में जरवाही सोन पुल से दो भाई सोन नदी में कूद गए। घटना शुक्रवार शाम 5 बजे की बताई जा रही है। दोनों भाइयों की तलाश जारी है। लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।

घटना के संबंध में बताया गया कि दो भाइयों के बीच में किसी बात को लेकर चलती बाइक में विवाद हो गया। इसी दौरान रास्ते में नाराज होकर नदी में छोटे भाई ने ये कहते हुए छलांग लगा दी कि अब मुझे जिंदा नहीं रहना है।

छोटे भाई को नदी में छलांग लगाते देख बड़े भाई ने भी उसे बचाने के लिए नदी में कूद गया। बताया गया कि बुढार थाना क्षेत्र के छाटा निवाशी दीपक सिंह (24 वर्ष) जो आपने चचेरे भाई आकाश (17 वर्ष) के साथ बाइक में बुढार से आपने गांव छाता जा रहा था।

इसी बीच दोनों भाइयो में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मामला इतना बड़ गया कि चलती बाइक में ही दोनों एक-दूसरे पर नाराजगी दिखाने लगे। इसी बीच ग्राम जरवाही के समीप जैसे ही पहुंचे तभी छोटे भाई ने बाइक रुकवाई और वहीं सोन नदी पुल से नीचे छलांग लगा दी।

बड़ा भाई मदद के लिए गुहार लगा ही रहा था। वहीं आसपास कुछ लोग मौजूद थे और तुरंत मौके पर पहुंचे। बड़े भाई ने घटना के संबंध में उन्हें बताया और तुरंत उसे बचाने के लिए सोन नदी में छलांग लगा दी। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों भाइयों को बचाने की कोशिश की।

लेकिन सोन नदी में तेज बहाव के कारण वो दोनों पल भर में ही नदी के तेज बहाव में नजर से ओझल हो गए। तत्काल लोगों ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी लगाते ही पुलिस मौके पर पहुंची।एसडीआरफ की टीम को भी बुलाया गया।

तत्काल दोनों भइयों की खोजबीन शुरु की गई। लेकिन अभी तक दोनों कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों को भी इस घटना की जानकारी दी गई है।

बुढार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि दो चचेरे भाइयों की किसी बात को लेकर नदी में कूदने की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर भेज कर तलाश की जा रही है।

# सांसद ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

## सैनिक स्कूल और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स खोलने की रखी मांग, मां नर्मदा के उद्गम स्थल की तस्वीर की भेंट

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** सांसद हिमाद्री सिंह ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने पीएम मोदी को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर पीएम ने सकारात्मक आश्वासन दिया है। सांसद सत्र में हिस्सा लेने दिल्ली गई थी, इसी दौरान उन्होंने अपनी बेटी तासू के साथ पीएम से मुलाकात की।

उन्होंने अपने क्षेत्र के विकास की रूप रेखा उनके समक्ष रखी और उन्हें संस्मरण कराया कि आप अपने अल्प प्रवास के दौरान शहडोल जिले में आए थे। जहां आपने हमारे क्षेत्र के छोटे से एक गांव विचारपुर बनाम मिनी ब्राजील के खिलाड़ियों से भेंट की थी।

सांसद ने प्रधानमंत्री के समक्ष मांग रखते हुए कहा कि हमारे आदिवासी क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन उनके लिए मंच की कमी है।

इसलिए हमारे क्षेत्र में एक वृहद खेल अकादमी का संचालन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही यहां से घरेलु उड़ान के लिए हवाई अड्डे के निर्माण का मुद्दा भी पीएम के सामने रखा गया।

इसके अलावा शहडोल नागपुर ट्रेन का विस्तार कर उसे अनूपपुर से चलाए जाने के बारे में भी चर्चा की गई। जिस पर सांसद को बताया गया कि तीसरी लाइन का काम और लिंक वर्क हो जाने के बाद यह मांग पूर्ण हो जाएगी।

सांसद ने बताया कि उन्होंने संसदीय क्षेत्र शहडोल में सैनिक स्कूल और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खोलने और कोयला खदानों के उत्खनन बाद खाली जमीनों का इस्तेमाल किए जाने की मांग भी पीएम के सामने रखी है।

सांसद ने बताया कि उन्होंने ने पीएम मोदी को मां नर्मदा का उ–म की एक तस्वीर और पद्मश्री जोधया बाई की ओर से बनाई गई बैगा जनजाति की एक चित्रकारी भेंट की।

# लाठी से पीट-पीटकर बाप-बेटे समेत 3 की हत्या

## जादू-टोने के शक में दो गुट भिड़े, पन्ना के गांव में 4 थानों की पुलिस बुलानी पड़ी



**मीडिया ऑडीटर पन्ना निप्र।** पन्ना में आपसी विवाद में बाप-बेटे समेत 3 लोगों की हत्या कर दी गई। यहां आदिवासी समाज के दो गुट भिड़ गए। हालात संभालने के लिए 4 थानों की पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की वजह टोना-टोटका बताई जा रही है। हालांकि, पुलिस ने इससे इनकार किया है।

मामला जिला मुख्यालय से 110 किमी दूर सिमरिया थाना क्षेत्र के कढ़ना गांव में गुरुवार देर रात का है। पन्ना एएसपी आरती सिंह ने बताया कि दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला किया, जिसमें अर्जुन सिंह (60) गोविंद सिंह (30), धूप सिंह की हत्या हुई है।

अर्जुन और गोविंद बाप-बेटे थे। धूप सिंह इनका साथी था। तीनों की हत्या सिर पर लाठी-डंडे मारकर की गई है। जानकारी लगते ही मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। गांव छावनी में तब्दील हो गया।

शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, पवई एसडीओपी सौरभ रत्नाकर भी मौके पर पहुंच गए। एक आरोपी तिलक सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा आरोपी ज्ञान सिंह फरार है।

**चार थानों को पुलिस बल तैनात:** गांव में हालात बिगड़ते देख भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। कढ़ना गांव में अमानगंज, सिमरिया, रैपुरा और पवई थाना के प्रभारी भी तैनात कर दिए गए। करीब 100 जवान मौके पर मौजूद रहे। आईजी प्रमोद वर्मा ने बताया कि दो लोगों की हत्या हुई है। मामले में जांच में लिया है। दो लोगों के नाम सामने आए हैं।

**पुलिस ने सुबह पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया:** शुक्रवार की सुबह जैसे पुलिस को जानकारी मिली तो पन्ना से एडिशनल एसपी आरती सिंह, पवई एसडीओपी सौरव र%ाकर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शवों को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए सिमरिया अस्पताल ले जाया गया।

**जादू-टोने के शक में हत्या की आशंका:** कढ़ना में जादू-टोना की वजह से विवाद होने की चर्चा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक अर्जुन सिंह तांत्रिक था, जो गांव सहित आसपास के गांवों में झाड़-फूंक करता रहता था। उसे अर्जुन पंडा के नाम से जाना जाता था। झाड़-फूंक में उसका बेटा गोविंद सिंह और साथी धूप सिंह का साथ रहता था।

# ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

## अनियंत्रित होकर गढ्ढे में पलटा ट्रैक्टर, चालक फरार



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** देवलौंद थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव में शुक्रवार सुबह खेत की तरफ जा रहा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान एक युवक इंजन के नीचे फंस गया और चालक फरार हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने युवक को बाहर निकला पर तब तक उसकी मौत हो गई थी। वहीं घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए शव को अस्पताल भेज दिया है।

शुक्रवार को इंजन में कल्टीवेटर लगाकर युवक खेत की जुताई करने जा रहा था, तभी रास्ते पर सड़क किनारे गढ्ढे में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गिर गया। इंजन के नीचे दबने से ट्रैक्टर पर बैठे विक्रम प्रसाद पिता विशेसर खैरवार (35) की मौत हो गई है। वहीं ट्रैक्टर का चालक मौके से भाग गया।

**दूसरा युवक चला रहा था ट्रैक्टर:** थाना प्रभारी डीके दहिया ने बताया कि मामले पर मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। वहीं कुछ लोगों ने पुलिस को बताया कि ट्रैक्टर दूसरा युवक चल रहा था। जिस युवक की मौत हुई है वह इंजन में बैठा हुआ था। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो शव को इंजन से लोगों ने बाहर निकाल लिया था। चालक की तलाश की जा रही है, क्योंकि मौके पर ही चालक फरार हो गया। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रैक्टर में मृतक के अलावा और भी कोई सवार था, इस मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर के भेजा जेल

## आरोपियों के खिलाफ छतरपुर, सिवनी सहित अन्य राज्यों में भी अपराध दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने शुक्रवार की शाम 4 बजे एक खुलासा किया है। जिसमें एक अन्तर्राज्यीय चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि विगत वर्ष फरियादी के घर के बाहर खड़ी स्कूटी से अज्ञात चोरों ने डिग्गी खोलकर बैंक से निकाल कर लाए गए नगद राशि की चोरी करने संबंधी रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था। जिसके बाद थाना पुलिस के द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। एकत्रित साक्ष्य के आधार पर एक आरोपी विजय सिंह नट उम्र 40 वर्ष निवासी विजयनगर थाना कापू जिला रायगढ छत्तीसगढ़ को पुलिस टीम ने 8 अगस्त को सुबह गिरफ्तार किया है। पुलिस के द्वारा आरोपी से पूछताछ में उसने जुर्म कबूल किया है। घटना में चोरी की गई राशि जप्त कर ली गई है।

मामले के अन्तर्राज्यीय आरोपी शातिर किस्म के चोर संगठित होकर विभिन्न राज्यों में चोरी की वारदातों को अंजाम देते है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर शुक्रवार की शाम जेल भेज दिया गया है।

इसी मामले मे पूर्व में एक आरोपी अनीश पिता शिवबालक करवल (21) निवासी राजगढ जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। चोरी की इस घटना में अन्य आरोपी और संपत्ति की जब्ती और विवेचना के संबंधित कार्रवाई जारी है।

थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि विगत वर्ष चोरी की घटना की शिकायत थाने में आई थी। जिस पर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार का जेल भेजा गया है। किसी मामले में इसके पहले भी एक चोर को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# नाबालिग से रेप करने वाले युवक को आजीवन जेल

## किसी को नहीं बताने की धमकी देकर किया था दुष्कर्म



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर कोर्ट ने नाबालिग से रेप के मामले में आरोपी को दोषी पाए जाने पर शुक्रवार को आजीवन जेल और 2 हजार रुपए की सजा सुनाई। 3 साल पहले 11 अक्टूबर 2021 को शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

एडवोकेट लखन राजपूत के अनुसार, प्रकाश बम्होरी पुलिस को पीड़िता ने बताया था कि वह अपने माता-पिता के लिए खाना लेकर खेत पर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में नाले के पास आरोपी मिला। उसने नीम के पेड़ के पास रेप किया। वहीं, किसी को बताने पर उसे और घर वालों को जान से मारने की धमकी दी। इस वजह से पीड़िता डर गई और किसी को कुछ नहीं बताया।

लेकिन गर्भवती होने पर घर वालों के पूछने पर 11 अक्टूबर 2021 को उसने अपनी मां एवं पिता को सारी बात बताई। इसके बाद परिजनों के साथ प्रकाश बम्होरी थाना पहुंचकर शिकायत की थी। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर न्यायाधीश डॉक्टर सारिका गिरी शर्मा ने आरोपी को आजीवन जेल और 1 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

# विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सलैहा में आयोजित हुआ आदिवासी सम्मेलन

## जल जंगल जमीन पर आदिवासी समाज का अधिकार: ज्ञान




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासियों के धर्म संस्कृत भाषा एवं अधिकारों की रक्षा करने उनके ऊपर हो रहे अत्याचार और शोषण के खिलाफ कांग्रेस की वरिष्ठ महिला नेत्री प्रीति पटेल के मुख्य आतिथ्य जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में सीधी विधानसभा अंतर्गत ग्राम सलैहा में आदिवासी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने उक्त अवसर पर आदिवासी समाज की माताओं बहनों एवं युवाओं को सम्मानित किया एवं गोंडी समाज के मंदिर निर्माण हेतु 51000 की राशि दान की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने भाजपा सरकार के ऊपर आदिवासियों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आदिवासी समाज को अपने धर्म संस्कृत भाषा और रीति रिवाज के संरक्षण करने का अधिकार है उन्हें उनके अधिकारों से वंचित नही किया जा सकता है। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि कांग्रेस ने सदैव आदिवासियों के हितों को आगे रखकर काम किया है कुंवर अर्जुन सिंह दाऊ साहब के मुख्यमंत्रित्व काल में एक बत्ती कनेक्शन इंदिरा आवास योजना तेंदूपत्ता पर बोनस आदिवासियों को दिया गया जल जंगल जमीन पर उन्हें अधिकार दिया गया जो जहा बसा था उन्हें उसका पट्टा दिया।

सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम के माध्यम से प्रति परिवार 35 किलो अनाज दिया गया, मनरेगा के माध्यम से उन्हें गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया गया, जिससे पलायन रुका। उन्होंने कहा कि आदिवासी दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के हितों की रक्षा करने के लिए उनका संरक्षण देने के लिए और उनके खिलाफहोने वाले अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का संकल्प लेकर आदिवासियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी और उन्हें उनका हक दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा। उक्त अवसर पर आदिवासी समाज के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि मातृशक्ति युवा साथी भरी संख्या में उपस्थित रहे।

# युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो किया वायरल

## महिला चोर गिरोह ने 10 घरों से 12 लाख के जेवरात लूटे



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** सोशल मीडिया पर शुक्रवार की सुबह एक युवक ने वीडियो वायरल करते हुए एक महिला चोर गिरोह का खुलासा किया है। जिसमें महिला चोर गिरोह महिलाओं को बातों में उलझा कर सोने चांदी के जेवरात लेकर सीसीटीवी कैमरे में भागती नजर आ रही है। लूट की घटना के बाद लोगों ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत की थी। लेकिन थाना पुलिस ने आज तक इस चोर गिरोह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

बताया जा रहा है कि महेश वर्मा निवासी मातवाना मोहल्ला वार्ड- 31 का रहने वाला है। उसने शुक्रवार की सुबह 11: 45 बजे एक सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया है जिसमें महेश ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा है।

उसकी पत्नी के साथ कुछ महिला गिरोह ने लूट की है। इसकी शिकायत उसने सिटी कोतवाली थाना और एसपी कार्यालय में की थी। लेकिन आज तक न तो उसके घर पुलिस पहुंची है न ही उन महिलाओं के ऊपर कोई कार्रवाई की जा रही है।

**यह है मामला:** 29 जुलाई की दोपहर 1 बजे मातवाना मोहल्ला में दिव्या पत्नी महेश वर्मा के घर के बाहर कुछ महिलाएं पहुंची और उन्होंने पुराने बर्तन बदलकर नए बर्तन देने की कही और उसके बाद वह बर्तन लेकर चली गई।उसके बाद फिर दूसरे दिन 30 जुलाई को वहीं महिला दोपहर घर पहुंची और फूटे हुए बर्तन का नया बर्तन बदल कर दिया।

उसके बाद महिलाओं ने दिव्या के सोने के गहनों की तारीफ करना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद महिला के सारे गहने उतार कर ले गई और महिला देखती रह गई। जिसकी कीमत डेढ़ लाख बताई जा रही है। लूट की घटना की जानकारी महिला ने पति को डर के कारण दो दिन बाद बताई।

महिला के पति महेश ने 2 अगस्त को सिटी कोतवाली थाने में लूट की शिकायत सीसीटीवी फुटेज के साथ की थी। उसके बाद 5 अगस्त को एसपी कार्यालय में शिकायत की थी। लेकिन पुलिस आज तक ना तो मेरे घर आई है ना ही कोई पूछताछ की जा रही है।

इसी प्रकार महिलाओं ने अलग-अलग घरों से 10 घरों से सोने चांदी के जेवरात की लूट की है।जिसकी कीमत 12 लाख रुपये बताई जा रही है। महेश वर्मा ने बताया कि कुछ दिन पहले मेरी पत्नी से कुछ महिलाएं लूट कर सोने चांदी की जेवरात ले गई थी। डर के कारण मेरी पत्नी ने मुझे दिन बाद बताई थी। तब मैने सीसीटीवी वीडियो साथ लिखित शिकायत थाने में शिकायत की।

इसी तरह मेरे मोहल्ले से 12 लख रुपए की अभी तक लूट हो चुकी है बाकी शहर से करोड़ों की लूट हो चुकी है। जिसकी शिकायत थाने एवं एसपी ऑफिस में दी थी। लेकिन आज तक पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही महिलाओं को गिरफ्तार किया जाएगा।

# विचार

## लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा सभापति से सीधे क्यों भिड़ने लग गया है विपक्ष?

संसद का मॉनसून सत्र इस बात के लिए खासतौर पर याद किया जायेगा कि इस दौरान कई बार ऐसा देखने को मिला कि लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ से विपक्षी सदस्यों ने जानबूझकर उलझने का प्रयास किया। दोनों सदनों के सभापतियों पर विपक्ष ने तमाम तरह के आक्षेप लगाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाये। संभवतः ऐसा इसलिए किया गया ताकि आसन की निष्पक्षता को संदेह के कठघरे में खड़ा किया जा सके। खास बात यह है कि विपक्षी सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ लेते समय संविधान की प्रति हाथ में ले रखी थी लेकिन उसी संविधान के नियमों से बनी सदन के संचालन की नियम पुस्तिका में लिखे निर्देशों का पालन करने में वह कोताही बरतते हैं। ताजा मामला समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन का है जिन्होंने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को नाहक ही विवाद में घसीटा कर गलत परम्परा कायम की। इस बार के सत्र के दौरान दोनों सदनों की कार्यवाही पर गौर करेंगे तो ऐसा लगेगा कि सरकार को छोड़ कर विपक्ष अब लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा सभापति से सीधे भिड़ते रहने की रणनीति पर चल रहा है। इसके अलावा, इस बार यह भी देखने को मिला कि विभिन्न विधेयकों पर चर्चा के दौरान एक दूसरे पर हमला कर रहे पक्ष-विपक्ष के नेता मूल मुद्दों और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे थे। नेताओं के संबोधनों में सुर्खियों में आने लायक और उनके भाषणों को वायरल बनाने लायक सामग्री तो थी लेकिन देश की वर्तमान समस्याओं का हल सुझाने या भविष्य की जरूरतों को पूरा करने वाले सुझावों का नितांत अभाव था। देखा जाये तो संसद की कार्यवाही के संचालन पर देश का करोड़ों रुपया खर्च होता है इसलिए सांसदों को चाहिए कि वह सिर्फ अपने राजनीतिक प्रभुत्व को बढ़ाने पर ध्यान देने की बजाय जनहित के मुद्दों को उठाने और जनता की समस्याओं का हल निकलवाने को प्राथमिकता दें। हालांकि वर्तमान लोकसभा में एक बात यह अच्छी नजर आ रही है कि सरकार के साथ-साथ विपक्ष भी खूब सक्रिय नजर आ रहा है। पिछली दो लोकसभा में चूंकि औपचारिक रूप से कोई नेता प्रतिपक्ष ही नहीं था इसलिए विपक्ष प्रभावी भूमिका में नहीं दिख रहा था। उस समय संसद में बिना बहस के ही कई अहम विधेयक पारित हो जा रहे थे। लेकिन अब लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद से राहुल गांधी जिस तरह जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा रहे हैं उससे सरकार अपने मन मुताबिक काम नहीं कर पा रही है। वैसे यह अच्छी बात है कि अब जिन विधेयकों पर आम राय नहीं बन रही है उन्हें संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि पिछली लोकसभा में ऐसा देखने को नहीं मिलता था।

# एक बड़े जनजातीय नर संहार के स्मरण का शोक दिवस

**प्रवीण गुगनानी**

**विदेशी शक्तियां भारतीय समाज को विखंडित करने हेतु मूलनिवासी दिवस का उपयोग कर रहीं हैं। नौ अगस्त, वस्तुतः पश्चिमी साम्राज्यवादियों द्वारा किये गए बड़े, बर्बर नरसंहार का दिन है। इस शोक दिवस को उसी पीड़ित व दमित जनजातीय समाज द्वारा उत्सव व गौरवदिवस रूप में मनवा लेने का षड्यंत्र है यह! आश्चर्य यह है कि पश्चिम जगत, झूठे विमर्श गढ़ लेने में माहिर छदम बुद्धिजिवियों के भरोसे जनजातीय नरसंहार के इस दिन को जनजातीय समाज द्वारा ही गौरवदिवस के रूप में मनवाने कुचक्र में सफल हो रहा है।**



वस्तुतः 9 अगस्त का यह दिन अमेरिका, जर्मनी, स्पेन सहित समस्त उन पश्चिमी देशों में वहां के बाहरी आक्रमणकारियों द्वारा पश्चाताप, दु:ख व क्षमाप्रार्थना का दिन होना चाहिए। इस दिन यूरोपियन आक्रमणकारियों को उन देशों के मूल निवासियों से क्षमा मांगनी चाहिए जिन मूलनिवासियों को उन्होंने बर्बरतापूर्वक नरसंहार करके उन्हें उनके मूलनिवास से खदेड़ दिया था और नगर छोड़कर सुदूर जंगलों में बसने को विवश कर दिया था। पश्चिमी बौद्धिक जगत का प्रताप देखिये कि हुआ ठीक इसका उल्टा; उन्होंने इस दिन का स्वरुप, मंतव्य व आशय समूचा ही उलटा कर दिया और आश्चर्य यह कि हम भारतीय भी इस थोथे विमर्श में फंस गए। इस इंडीजेनस डे का हमसे तो कोई सरोकार ही नहीं है। यदि जनजातीय दिवस मनाना ही है तो हमारे पास भगवान बिरसा मुंडा से लेकर टंट्या मामा भील तक हजारों ऐसे जनजातीय यौद्धाओं का समृद्ध इतिहास है जिन्होंने हमारे समूचे भारतीय समाज के लिए कई कई गौरवमई अभियान चलाये व भारतमाता को स्वतंत्र कराने हेतु अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। जनजातीय व वनवासी समाज की प्रतिष्ठा, उसके रक्षण व विकास की भारत में प्राचीन परंपरा रही है। प्रकृति पूजन हमें वेदों से प्राप्त हुआ जिसके प्रति नगरीय समाज की अपेक्षा जनजातीय समाज अधिक आग्रही रहा है। जनजातीय समाज रक्षण का पात्र नहीं अपितु शेष समाज का रक्षक भी रहा है यह तथ्य भी हमें प्राचीन भारतीय परम्पराओं व लेखन से मिलता है। मूल निवासी दिवस की चर्चा करें तो ध्यान आता है कि हमारी नर्मदा घाटी ही मानव प्रजाति की जन्मदाता रही है। नर्मदा किनारे जन्मी इस सभ्यता में नगरीय व वन कंदराओं में निवास करने वाले बंधू दोनों का ही अपना अपना महत्व व भूमिका थी। दोनों ही समाज अपने उत्पादनों व वृत्तियों के आधार पर परस्पर निर्भरता के सिद्धांत से जीवन यापन करते हुए वैदिक धर्म को ही भिन्न रूपों में माना करते थे। शिव उपासना वैदिक धर्म का एक अविभाज्य अंग रहा है जिसे वन कंदराओं में रहने वाले जनजातीय बंधुओं ने भी आगे बढ़ाया व नगरीय समाज ने भी। वेदों, शास्त्रों, शिलालेखों, जीवाश्मों, श्रुतियों, पृथ्वी के सरंचनात्मक विज्ञान, जेनेटिक अध्ययनों आदि के आधार पर जो तथ्य सामनें आते हैं उनके अनुसार पृथ्वी पर प्रथम जीव की उत्पत्ति गोंडवाना लैंड पर हुई थी जिसे तब पेंजिया कहा जाता था। पेंजिया गोंडवाना व लारेशिया को मिलाकर बना था। गोंडवाना लैंड के अमेरिका, अफ्रीका, अंटार्कटिका, आस्ट्रेलिया एवं भारतीय प्रायद्वीप में विखंडन के पश्चात यहां के निवासी अपने-अपने क्षेत्र में बंट गए थे। जीवन का विकास सर्वप्रथम भारतीय दक्षिण प्रायद्वीप में नर्मदा नदी के तट पर हुआ जो विश्व की प्राचीनतम नदी है। मध्यप्रदेश के भीम बैठका में पाए गए पच्चीस हजार वर्ष पुराने शैलचित्र, नर्मदा घाटी में की गई खुदाई, तथा मेहरगढ़ के अलावा कुछ अन्य नृवंशीय एवं पुरातत्वीय प्रमाणों से यह सिद्ध हो चुका है कि भारत भूमि, विश्व के प्राचीनतम आदिमानव की कर्मभूमि रही है। यही आदिमानव वैदिक या सनातन संस्कृति के जन्मदाता थे। डॉ. शशिकांत भट्ट की पुस्तक नर्मदा वैली ⁻ कल्चर एंड सिविलाइजेशन में, नर्मदा घाटी सभ्यता के विषय में में विस्तार से उल्लेख मिलता है। नर्मदा किनारे मानव खोपड़ी का पांच से छः लाख वर्ष पुराना जीवाश्म मिला है जो सनातन धर्म के सर्वाधिक प्राचीन धर्म होने के अकाट्य प्रमाण को वैश्विक पटल रखता है। पौराणिक ग्रंथों में जिस रेवाखंडे शब्द का प्रयोग मिलता है नर्मदा संस्कृति की प्राचीनता को प्रकट करता है। इन सब तथ्यों के प्रकाश में यह प्रश्न उपजता है कि अंततः यह मूलनिवासी दिवस मनाने का चलन उपजा क्यों व कहां से ? वस्तुतः यह मूलनिवासी दिवस पश्चिम के गोरों की देन है। कोलंबस दिवस के रूप में भी मनाये जाने वाले इस दिन को वस्तुतः अंग्रेजों के अपराध बोध को स्वीकार करनें के दिवस के रूप में मनाया जाता है। अमेरिका से वहां के मूल निवासियों को अतीव बर्बरता पूर्वक समाप्त कर देनें की कहानी के पश्चिमी पश्चाताप दिवस का नाम है मूल निवासी दिवस। वस्तुतः इस मूलनिवासी फंडे पर आधारित यह नई विभाजनकारी रेखा एक नए षड्यंत्र के तहत भारत में लाई जा रही है जिससे भारत को सावधान रहनें की आवश्यकता है। आज भारत सामाजिक समरसता के नये आयाम गढ़ रहा है व अंग्रेजों व परिवर्तन कुछ भारत विरोधी तत्वों को रास नहीं आ रहा है। इस सकारात्मक परिवर्तन के वातावरण में जहर बोने का कार्य करते हैं कुछ भारत विरोधी व विभाजनकारी लोग। मूल निवासी दिवस के एजेंडे के पीछे बहुत से ऐसे विदेशी मानसिकता के लोग खड़े हो गयें हैं व भारत के भोले भाले जनजातीय समाज के मन में विभाजन के बीज बो रहें हैं। इस पूरे मामले की जड़ बाबा साहब अम्बेडकर के धर्म परिवर्तन के समय दो धर्मों; इस्लाम एवं इसाईयत में उपजी निराशा में व कम्युनिस्टों की सोच में है। ईसाइयत व इस्लाम धर्म नहीं अपनानें को लेकर बाबा साहब के विचार सुस्पष्ट रहें हैं, उन्होंने सस्वर कहा व लिखा कि उनकें अनुयायी इस्लाम व ईसाइयत से दूर रहें। किंतु आज मूलनिवासी वाद के नाम पर भारत का दलित व जनजातीय समाज एक बड़े इसाई व इस्लामी षड्यंत्र का शिकार हो रहा है। एक बड़े और एकमुश्त धर्म परिवर्तन की आस में बैठे ईसाई धर्म प्रचारक तब बहुत ही निराश व हताश हो गए थे जब बाबासाहब अम्बेडकर ने किसी भारतीय भूमि पर जन्में व भारतीय दर्शन आधारित धर्म में जानें का निर्णय अपनें अनुयाइयों को दिया था। कम्युनिस्ट विचार व इसाई धर्म के इसी षड्यंत्र का अगला क्रम है मूलनिवासी वाद का जन्म! भारतीय दलितों व आदिवासियों को पश्चिमी अवधारणा से जोड़नें व भारतीय समाज में विभाजन के नए केंद्रों की खोज इस मूलनिवासी वाद के नाम पर प्रारंभ कर दी गई है। इस पश्चिमी षड्यंत्र के कुप्रभाव में आकर कुछ दलित व जनजातीय नेताओं ने यह कहना प्रारंभ किया कि भारत के मूल निवासियों (दलितों) को बाहरी आर्यों ने अपना गुलाम बनाकर यहां हिन्दू वर्ण व्यवस्था को लागू किया। बाबा साहेब अपने लेखन कथित आर्य व जनजातीय संघर्ष की बात को दृढ़ता से नकारते हैं। बाबासाहब ने लिखा है आर्य आक्रमण की झूठी कथा पश्चिमी लेखकों द्वारा बनाई गई है जिसके कोई प्रमाण नहीं है। अम्बेडकर जी आगे लिखते हैं ङ्क इस पश्चिमी सिद्धांत का विश्लेषण करनें से मैं जिस निर्णय पर पहुंचा हूँ, वह यह है - वेदों में आर्य जातिवाद का उल्लेख नहीं है व वेदों में आर्यों द्वारा दलित व जनजातीय आक्रमण कर विजय प्राप्त करनें का कोई प्रमाण नहीं है। ये कथित लोग कहते हैं कि वे मूलनिवासी हैं और बाकी सारे लोग विदेशी हैं। वस्तुतः सच्चाई यह है कि भारत में रह रहे सभी मूल भारतीय यहां के मूलनिवासी हैं। वस्तुतः इस नए षड्यंत्र का सूत्रधार पश्चिमी पूंजीवाद है। अनावश्यक ही यह राग अलापा जाता रहा है कि आर्य बाहर से आये थे। इस भ्रामक अवधारणा ने भारतीय संस्कृति का बड़ा अहित किया है। भारतीय जनमानस में परस्पर द्वेष, आर्य-अनार्य विचार एवं दक्षिण-उत्तर की भावना उत्पन्न करने वाला यह विचार, तात्कालिक राजनैतिक लाभ हेतु विदेशियों एवं विधर्मियों द्वारा योजनाबद्ध प्रचारित किया गया है।

# वक्फ बोर्ड की आड़ में जमीन कब्जाने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी

**संजय सक्सेना**

वक्फ और वक्फ की संपत्तियों को लेकर हिंदुस्तान में अक्सर सही-गलत चर्चा होती रहती है। हममें से अधिकांश लोगों ने वक्फ का नाम तो सुना है, लेकिन वह इसके बारे में बहुत कुछ जानते नहीं हैं। वक्फ होता क्या है। किसी मस्जिद या दूसरे धर्मस्थल के वक्फ होने का मतलब क्या है? और क्या मोदी सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड के संविधान में तब्दीली की कोशिशों का असर मुस्लिम धर्मस्थलों के स्टेटस पर पड़ सकता है? चूंकि भारत में रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे बड़ा भूस्वामी वक्फ बोर्ड ही है। इसलिए हम इन सारे सवालों का जवाब जानने की कोशिश करेंगे। सबसे पहले यह जान लेना जरूरी है कि भारत में इस्लाम की आमद के साथ वक्फ के उदाहरण मिलने लगे थे। दिल्ली सल्तनत के वक्त से वक्फ संपत्तियों का लिखित जिक्र मिलने लगता है। मुगल शासन काल में क्योंकि ज्यादातर संपत्ति राजा महाराजाओं के पास ही होती थी, इसीलिए प्रायः वही वाकिफ होते, और वक्फ कायम करते जाते। जैसे कई बादशाहों ने मस्जिदें बनवाईं, वो सारी वक्फ हुईं और उनके प्रबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर ही इंतजामिया कमेटियां बनती रहीं। इसके पश्चात 1947 में आजादी के बाद पूरे देश में पसरी वक्फ संपत्तियों के लिए एक स्ट्रक्चर बनाने की बात उठने लगी। इस तरह 1954 में संसद ने वक्फ एक्ट 1954 पास किया। इसी के नतीजे में वक्फ बोर्ड बना। ये एक ट्रस्ट था, जिसके तहत सारी वक्फ संपत्तियां आ गईं। 1955 में यानी कानून लागू होने के एक साल बाद, इस कानून में संशोधन कर राज्यों के लेवल पर वक्फ बोर्ड बनाने का प्रावधान किया गया। इसके बाद साल 1995 में नया वक्फ बोर्ड एक्ट



आया। 2013 में मनमोहन सरकार के समय इसमें कई संशोधन करके इसे पूरी तरह से तानाशाही रूप दे दिया गया। फिलहाल जो व्यवस्था है, वो इन्हीं कानूनों और संशोधनों के तहत चल रही है, इसमें सबसे खतरनाक संशोधन यह था कि वक्फ बोर्ड जिस किसी सम्पति को अपना बता दे तो फिर वह उसकी बिना किसी जांच पड़ताल के हो जाती है और जिसकी सम्पति छीनी जाती है,वह कोर्ट या पुलिस के पास भी अपनी फरियाद लेकर नहीं जा सकता है। प्रायः मुस्लिम धर्मस्थल वक्फ बोर्ड एक्ट के तहत ही आते हैं. लेकिन इसके अपवाद भी हैं। जैसे ये कानून अजमेर शरीफ दरगाह पर लागू नहीं होता। इस दरगाह के प्रबंधन के लिए दरगाह ख्वाजा साहिब एक्ट 1955 बना हुआ है. वक्फ बोर्ड को मिली असीमित शक्तियों पर अंकुश लगाने और बेहतर प्रबंधन व पारदर्शिता के लिए मोदी सरकार ने आठ अगस्त 2024 को लोकसभा में दो विधेयक पेश किये। पहले विधेयक के जरिये सरकार मुसलमान वक्फ अधिनियम 1923 को समाप्त करने को कटिबद्ध लगती है, जबकि दूसरे से मुसलमान वक्फ अधिनियम 1995 में 44 संशोधन किए जाएंगे। सरकार इस विधेयक में बोहरा-आगाखानी के लिए अलग वक्फ बोर्ड का प्रावधान करेगी और किसी की संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित करने के अधिकार से संबंधित धारा 40 को समाप्त कर देगी। मोदी सरकार ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक संसद में पेश करने से एक दिन पहले कहा कि विधेयक लाने का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन और संचालन करना है। विधेयक पेश किए जाने के बाद सरकार ने इसे व्यापक विमर्श और सर्वसम्मति के लिए प्रवर समिति को भेज दिया है। दूसरे विधेयक में वक्फ अधिनियम 1995 का नाम बदलकर एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता विकास अधिनियम करने का प्रावधान है। इसमें वक्फ बोर्डों के केंद्रीय परिषद और ट्रिब्यूनल की संरचना में व्यापक बदलाव लाने का भी प्रावधान है।

मसलन केंद्रीय परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में दो महिलाओं का प्रतिनिधित्व अनिवार्य बनाया जाएगा। इसके अलावा कानून में संशोधन के बाद अब वक्फ ट्रिब्यूनल के आदेश को 90 दिन के अंदर हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण के लिए सर्वे कमिश्नर का अधिकार अब जिला कलेक्टर या उसके की ओर से नामित डिप्टी कलेक्टर के पास होगा। विधेयक की खास बातों पर नजर डाली जाए तो मोदी सरकार वक्फ अधिनियम, 1923 को वापस लेगी। पारदर्शिता, बेहतर प्रबंधन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए 44 संशोधन किये जायेंगे। जिसके द्वारा आगाखानी व बोहरा वक्फ को परिभाषित किया जाएगा। पांच साल तक मुस्लिम धर्म का पालन करने वालों की संपत्ति वक्फ हासिल कर सकेगा। वक्फ के धन से विधवा, तलाकशुदा व अनाथों के कल्याण के लिए सरकार के सुझाए तरीके से काम करने होंगे। संपत्ति वक्फ को देने के दौरान उत्तराधिकारियों और महिलाओं के अधिकार नहीं छीने जा सकेंगे। वहीं रजिस्टर्ड वक्फ संपत्तियों को 6 माह में पोर्टल पर डालना होगा। वक्फ संपत्तियों से मिलने वाले भू राजस्व, सेस, उसका रेट, कर, आय, कोर्ट मामले की जानकारी भी बतानी होगी।सरकारी संपत्ति को वक्फ अपनी संपत्ति घोषित नहीं कर पाएगा वक्फ बोर्ड में जो बदलाव होंगे उसके अनुसार मुसलमान वक्फ कानून 1923 खत्म होगा। वक्फ अधिनियम होगा एकीकृत वक्फ प्रबंधन कानून, धारा 40 होगी खत्म, जिससे किसी की संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित करने का अधिकार मिल जाता है। दरअसल, केंद्र की मोदी सरकार यूपीए-2 में मनमोहन सिंह सरकार ने 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन कर वक्फ बोर्ड को किसी की भी संपत्ति को अपनी संपत्ति घोषित करने और वक्फ बोर्ड के निर्णयों को किसी भी कोर्ट में चुनौती देने का अधिकार खत्म करने जैसे बदलाव किए गए थे।

सरकारी सूत्रों के अनुसार तब से मुस्लिम समाज से जुड़े व्यक्तियों व संगठनों की करीब 60 हजार शिकायतें सरकार के पास लंबित हैं। इन सभी शिकायतों में वक्फ बोर्ड में भारी अनियमितता व जबरन संपत्ति पर कब्जा जैसी समान बातें थीं। संशोधन विधेयक में वक्फ परिषद में भी बदलाव का प्रावधान है। मसलन परिषद के अध्यक्ष अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री होंगे।तीन सांसद, मुसलमानों के तीन प्रतिनिधि, मुस्लिम कानून के तीन जानकार, सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के दो पूर्व जज, एक वरिष्ठ वकील, देश की चार नामचीन हस्तियां व केंद्र सरकार के अतिरिक्त या संयुक्त स्तर के अधिकारी व दो महिलाएं इसकी सदस्य होंगी।

# कैदी को ऐश कराने वाले रायपुर जेल प्रहरी पर एफआईआर

## कस्टम मिलिंग के आरोपी को ले गया था होटल, उसके बच्चों को घुमाता रहा मॉल

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपी को होटल में ऐश कराने वाले जेल प्रहरी लखन जायसवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है। प्रहरी जायसवाल पर जेल मैन्युअल तोड़ने और अधिकारियों के आदेश का उल्लंघन करने का आरोप है।

बताया जा रहा है कि आरोपी प्रहरी जायसवाल के खिलाफ गुरुवार रात गंज थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस अब उसे गिरफ्तार करेगी। हालांकि अफसरों का कहना है कि आरोपी प्रहरी पर लगी धाराएं जमानती हैं।

प्रहरी ने कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपी रोशन चंद्राकर को इलाज के बहाने बाहर ले जाकर 5 घंटे तक होटल में मौज कराई थी।





**2 अगस्त को इलाज के बहाने आरोपी को ले गया था प्रहरी:** दरअसल, कस्टम मिलिंग घोटाले का आरोपी रोशन चंद्राकर अभी रायपुर सेंट्रल जेल में बंद है। 2 अगस्त को इलाज के बहाने आरोपी जेल प्रहरी लखन उसे बाहर लेकर निकला। इसके बाद होटल वेनिंगटन पहुंचा दिया। दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक रोशन होटल में ही रहा।

जब आरोपी रोशन चंद्राकर होटल में अपनी पत्नी और अन्य लोगों से मिल रहा था। उस दौरान प्रहरी जायसवाल उसके बच्चों को पंडरी स्थित सिटी सेंटर मॉल घुमा रहा था। उसने छिपने के लिए वर्दी के ऊपर टी-शर्ट पहन रखी थी।

**डीजी जेल मिश्रा ने प्रदेश की सभी जेलों के लिए जारी किए आदेश:** मामला सामने आने के बाद डीजी जेल राजेश मिश्रा ने जेल अधिकारियों को फटकार लगाई है। उन्होंने आरोपी जेल प्रहरी को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही प्रदेश के सभी जेल अधीक्षक को आदेश जारी कर ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा है।

आदेश में कहा गया है कि, इलाज के दौरान बंदियों को बाहर ले जाकर होटल में चाय-नाश्ता कराने, मोबाइल देने जैसी बातें सामने आ रही हैं। इससे स्पष्ट हो रहा है कि आपका अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण शिथिल हो रहा है। ऐसे में बंदियों को अवैध तरीके से सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले प्रहरियों पर सख्त कार्रवाई करें।

**जानिए कौन है रोशन चंद्राकर:** छत्तीसगढ़ के कस्टम राइस मिलिंग घोटाले में आरोपी रोशन चंद्राकर राइस मिलर्स एसोसिएशन का पूर्व कोषाध्यक्ष है। आरोप है कि पद पर रहते रोशन लेवी वसूलता और अफसरों को जानकारी देता था। जिन मिलर्स से कमिशन के रुपए नहीं मिलते उनका भुगतान रोक दिया जाता था।

कारोबारियों के अनुसार, अफसरों को हर काम का पैसा देना पड़ता था। ईडी ने करीब 3 माह पहले रोशन चंद्राकर को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। उस समय वह मिलर्स एसोसिएशन का कोषाध्यक्ष था।

## लड़की ने शादीशुदा बॉयफ्रेंड को पीटा

### सरेराह चप्पल और थप्पड़ से पिटाई, कपड़े भी फाड़े, 4 बच्चों का पिता है युवक



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक युवती ने अपने बॉय फ्रेंड को सरेआम थप्पड़ और चप्पलों से पीटा। बताया जा रहा है कि युवक 4 बच्चों का पिता है, लेकिन लड़की से अपने मैरिटल स्टेटस छिपाकर अफेयर इंजॉय कर रहा था। युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौक का है।

जानकारी के मुताबिक युवती को जब अपने बॉय फ्रेंड के शादीशुदा होने का पता चला तो वह आगबूला हो गई। चौक पर बीच सड़क में ट्रैफिक पुलिस के सामने वह युवक की पिटाई करने लगी। घटना गुरुवार की शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है।

**खुद को अनमैरिड बताया, शादी का वादा किया:** पीड़िता के मुताबिक उसका अफेयर तखतपुर क्षेत्र के रहने वाले युवक के साथ चल रहा था। उसने खुद को अविवाहित बता कर शादी करने का वादा किया था। इस दौरान उसने युवती से फिजिकल रिलेशन भी बनाए। जब युवती को अपने बॉय फ्रेंड की सच्चाई का पता चला तो बवाल हो गया।

**30 हजार रुपए वापस नहीं करने पर पिटाई:** युवक की सच्चाई सामने आने के बाद युवती अपने बॉय फ्रेंड से 30 हजार रुपए मांगने गई थी। इस दौरान उसके साथ एक युवक भी था। प्रेमी ने पैसे नहीं दिए और भागने लगा, जिसे दौड़ाकर दोनों ने उसे पकड़ लिया।

**बीच-बचाव करते रहा ट्रैफिक पुलिसकर्मी:** महाराणा प्रताप चौक पर जब युवक की सरेराह पिटाई की जा रही थी, तब वहां ट्रैफिक पुलिस का जवान भी तैनात था। वह युवती और उसके साथ आए युवक को मारपीट करने से रोकने का कोशिश करता रहा, लेकिन दोनों नहीं माने। इस पर जवान ने घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। जिसके बाद सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची।

**टीआई बोले- किसी ने नहीं कराई एफआईआर:** सिविल लाइन टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि पुलिस की टीम युवक और युवती दोनों को थाने लेकर आई थी। थाने में युवक ने युवती को 30 हजार रुपए लौटा दिए। दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ [illegible] दर्ज नहीं कराई है। पुलिस ने शांति भंग

### स्मार्ट सिटी में प्रोजेक्ट दिलाने के बहाने 15 करोड़ ठगे

## खुद को कांग्रेस नेताओं का करीबी बताया, आरोपी पिता-पुत्र फरार

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्मार्ट सिटी के काम का ठेका दिलाने के बहाने ठगी की वारदात हुई है। आरोपी ने खुद को कांग्रेस नेताओं का करीबी बताकर उत्तर प्रदेश के एक ठेकेदार से करीब 15 करोड़ रुपए वसूल लिए। आरोपी ने ठेकेदार को 500 करोड़ का काम दिलाने की बात कही थी।

जब ठेकेदार को लंबे समय तक स्मार्ट सिटी का टेंडर नहीं मिला तो उसे ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद पीड़ित ने रायपुर के तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

एफआईआर के मुताबिक ठगी उत्तर प्रदेश के रावत एसोसिएट के मालिक अर्जुन रावत के साथ हुई है। जून 2023 में उनकी मुलाकात एक धर्मगुरु के माध्यम से केके श्रीवास्तव से हुई। श्रीवास्तव ने तेलीबांधा लाभांडी स्थित एक अपार्टमेंट में रावत से मुलाकात की।

**कांग्रेस नेताओं का करीबी बताया:** जहां श्रीवास्तव ने खुद को कई कांग्रेस नेताओं का करीबी बताया। रावत का देश भर में हाईवे, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, कंस्ट्रक्शन और बिल्डिंग निर्माण से संबंधित कारोबार से जुड़े हैं। वे अपनी कंपनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ में काम के नए टेंडर लेना चाहते थे।

**गारंटी मनी के नाम पर लिए रुपए:** बताया जा रहा है कि आरोपी श्रीवास्तव ने अर्जुन रावत से प्रोजेक्ट के लिए 15 करोड़ गारंटी मनी और परफॉर्मेंस सिक्योरिटी के नाम पर वसूल किए। श्रीवास्तव ने उसे प्रोजेक्ट के कई फर्जी दस्तावेज भी दिखाए। इसके अलावा एक फर्जी कंपनी का मेमोरेंडम भी तैयार करके भेजा। ताकि चीजें ऑफिशियल लगे। पीड़ित ने इस रकम को अलग-अलग किश्तों में भुगतान किया था।

## गर्भवती पत्नी को कुल्हाड़ी से काट डाला

### पति की शराबखोरी से परेशान थी, ससुराल नहीं लौटना चाहती थी, दोनों ने लव मैरिज की थी





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक युवक ने कुल्हाड़ी से काटकर अपनी पत्नी को मार डाला। बताया जा रहा है कि आरोपी शराब पीने का आदी है। पति की इन आदतों से परेशान होकर पत्नी अपने मायके चली गई थी। पति उसे लेने के लिए ससुराल गया, लेकिन वह वापस नहीं आ रही थी। इससे गुस्साए पति ने मार डाला। घटना सीपत थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम कुली की विद्या ठाकुर की बेटी रिंकी मौवार (24 वर्ष) की शादी रलिया निवासी प्रकाश मौवार (26 वर्ष) से हुई थी। दोनों ने लव मैरिज थी। शादी के बाद से प्रकाश शराब पीकर मारपीट किया करता था, जिससे रिंकी परेशान थी। इस बीच हरेली तिहार मनाने के लिए अपने वह अपने मायके कुली गांव आई थी।

**ससुराल जाने के लिए तैयार नहीं थीं रिंकी:** रिंकी और प्रकाश ने साल 2023 में लव मैरिज की थी। रिंकी 7 महीने की गर्भवती थी। पति की प्रताड़ना से परेशान रिंकी अपनी ससुराल लौटने के लिए तैयार नहीं थी। वहीं, प्रकाश उसे ले जाने के लिए मना रहा था। इसके बाद भी वह ससुराल नहीं जाना चाह रही थी।

इससे गुस्साए प्रकाश ने कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया और मौके से भाग निकला। इधर, रिंकी के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी मां दौड़कर बाहर निकली। वह खून से लथपथ कराह रही थी। पिता घर में नहीं थी, घर में केवल वह और मां ही थी।

**अस्पताल ले जाते समय मौत, आरोपी गिरफ्तार:** घटना की जानकारी परिजन ने पुलिस को दी। इससे पहले ही वे रिंकी को लेकर बलौदा बाजार अस्पताल पहुंच गए। यहां डॉक्टर ने जांच कर रिंकी को मृत घोषित कर दिया। इधर, पुलिस ने आरोपी पति प्रकाश की तलाश शुरू की। देर रात उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

## हिन्दू धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी

### महिला समेत 7 गिरफ्तार, कुनकुरी सभा में कही थी विवादित बातें, भेजे गए जेल



**मीडिया ऑडीटर, जशपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में हिन्दू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में 4 आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।आरोपियों ने भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय किसान मोर्चा की सभा में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

एसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि कुनकुरी थाना क्षेत्र के सलियाटोली में 27 फरवरी 2024 का आम सभा का आयोजन किया गया था। इस आम सभा में हिन्दू धर्म के बारे में आपत्तिजनक बातें कही गई थी। आम सभा में कहा गया कि हिन्दू धर्म कोई धर्म नहीं हैं, मौलिक अधिकार को छीनना, एसटी-एससी और अन्य पिछड़ा वर्ग को सताने जैसी बातें कही गई।

**करनेल सिंह ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट:** ग्राम चराई डांड़ के रहने वाले करनेल सिंह (52) इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 4 आरोपियों को 25 जुलाई 2024 को सुनील कुमार खलखो, श्याम सुंदर मरावी, रेमिश तिर्की और संजय सक्सेना को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

**घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा:** एसपी ने बताया कि मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी कुनकुरी में घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर 7 आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है।

**आरोपियों को भेजा गया जेल:** आरोपी अरविन्द कच्छप (49), पौलूस कुजूर (64), रूपनारायण एक्का (44), हर्ष कुजूर (48), धरमु एक्का (62), दिनेश भगत (45) और मीरा तिर्की (59) को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# टीचर ने साथियों संग किया महिला से गैंगरेप

## मायके जा रही पीड़िता को कार में लिफ्ट दी, सुनसान जगह ले गया, तीनों अरेस्ट

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में महिला से गैंग रेप हुआ है। पीड़ित महिला अपने मायके जाने के लिए बस का इंतजार कर थी, तभी पेश से टीचर एक युवक ने लिफ्ट देने के बहाने उसे अपनी कार में बैठाया। उसके दो दोस्त भी कार में थे। इसके बाद कार को सुनसान जगह ले गया। जहां अपने दोनों दोस्तों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

पीड़िता के मुताबिक घटना के बाद आरोपी उसे छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी शिक्षक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है।




**शाम को अपने मायके जाने के लिए निकली थी महिला:** 30 वर्षीय महिला गुरुवार को मस्तूरी थाने पहुंची। उसनेअपनी शिकायत में बताया कि वह बुधवार शाम को वह अपने मायके जाने के लिए निकली थी। मेन रोड में बस का इंतजार कर रही थी, तभी परिचित टीचर प्रमोद सिंह चंदेल कार से वहां पहुंचा।उसके साथ यजवेंद्र सिंह चंदेल और अखिलेश सिंह चंदेल भी थे।

**लिफ्ट के बहाने बैठाया और सुनसान जगह ले गए:** महिला ने पुलिस को बताया कि प्रमोद सिंह और उसके दोस्तों ने कार में बैठाकर मायके तक छोड़ने की बात कही। युवक परिचित के थे। लिहाजा, महिला उनकी कार में बैठ गई, जिसके बाद युवक उसे रिस्दा स्थित धान मंडी के पास सुनसान जगह पर ले गए, इससे वह काफी डर गई थी।

**गैंगरेप के बाद दी जान से मारने की धमकी:** इस दौरान तीनों युवकों ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। घटना की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद महिला को वहीं छोड़कर तीनों भाग निकले। रात होने के कारण डरी सहमी महिला किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजन को आपबीती बताई। गुरुवार को वह शिकायत लेकर थाने पहुंची।

**पुलिस ने तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार:** पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। उनके ठिकानों पर दबिश देकर उन्हें दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपी टीचर प्रमोद सिंह के साथ ही उसके दोस्त यजवेंद्र सिंह चंदेल और अखिलेश सिंह चंदेल को गिरफ्तार कर लिया है।

## हर घर तिरंगा नारे से गुंजा एमसीबी जिला

**एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के अंतर्गत मनेंद्रगढ़- चिरमिरी -भरतपुर जिले में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा के पहल पर 9 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में यह अभियान चलाया जाएगा इसके अंतर्गत हमें सभी भारतीय नागरिकों को अपने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित किया जाना है आज प्रथम दिवस स्काउट एवं एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा विशाल रैली निकाली गई तथा हर घर तिरंगा व देशभक्ति नारे लगाए गए इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं के साथ बड़ी संख्या में एनसीसी व स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओ ने भाग लिया।

## 3 आरोपियों ने चाकू मारकर मोबाइल लूटा

### राशन लेकर लौटते वक्त रोककर पीटा, 2 गिरफ्तार और एक पहले से जेल में है बंद



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** रायपुर में एक निजी प्रेस के कर्मचारियों को नाबालिग समेत तीन आरोपियों ने चाकू मारकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक नाबालिग और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरे आरोपी को जब पुलिस पकड़ने गई तो वह पहले से जेल में बंद मिला। पूरा मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है।

आरोपियों ने 4 मई को उरला इलाके के एक दैनिक पत्रिका पर काम करने वाला राजू सिंह और कमलेश सिंह को रात साढ़े 9 बजे रास्ते पर रोक लिया। वे दोनों राशन लेकर वापस ऑफिस आ रहे थे। आरोपी उनके साथ अश्लील गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे।

**पैर और जांघ में चाकू से हमला:** इस दौरान एक आरोपी ने कमलेश सिंह के पैर और जांघ में चाकू से हमला कर दिया, फिर उसके पास रखें मोबाइल लूट कर फरार हो गए।

**मोबाइल लोकेशन से फंसे:** मामले में उरला पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मोबाइल लोकेशन खंगालना शुरू किया। घटना के करीब 4 महीने बाद पुलिस ने एक नाबालिग और उसके साथी धनेश साहू को गिरफ्तार किया। इस मामले के तीसरे आरोपी रविन्द्र राव की तलाश करने पर पता चला कि पुलिस ने उसे एक दूसरे लूट के मामले में पहले ही अरेस्ट करके जेल भेज दिया है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली रैली

## सलाहकार परिषद के गठन की मांग, 2 अक्टूबर को कोयला सत्याग्रह का फैसला

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज ने रैली निकाली। दोपहर करीब 12 बजे रामलीला मैदान से रैली की शुरुआत की गई। इस दौरान युवतियों और महिलाएं ने आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी।

रैली रामलीला मैदान से स्टेशन चौक, श्याम टाकीज चैक, शहीद चौक, हेमू कलाणी चौक से चक्रधर नगर चैक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां राज्यपाल के नाम सर्व आदिवासी समाज ने एक आवेदन सौंपा और अपनी मांगों को रखते हुए उनका निराकरण करने की मांग की।

**आदिवासी समाज के हितों पर चर्चा:** सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग रैली में शामिल हुए।




इसके बाद ऑडिटोरियम में सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें आदिवासी समाज के हितों को लेकर चर्चा भी की गई।

**20 सूत्रीय मांगों को लेकर आवेदन सौंपा:** सर्व आदिवासी समाज ने 20 सूत्रीय मांगों को लेकर आवेदन सौंपा है। इसमें पहली मांग है कि आदिवासियों के जातिगत उत्पीड़न, अत्याचार, अपमान, महिला और बच्चों से बलात्कार और हत्या पर अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम के तहत आजाक थाने में प्राथमिकी दर्ज हो। जांच पड़ताल कर दोषी व्यक्ति पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और थाना का प्रमुख एससी एसटी वर्ग से ही हो।

**परिषद के गठन की मांग:** सर्व आदिवासी समाज ने मांग की है कि आदिवासी सलाहकार परिषद का गठन संविधान अनुरूप किया जाए और अध्यक्ष आदिवासी समाज से ही हो। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य और केन्द्र में छात्रवृत्ति योजना अजजा वर्ग के पालकों का आय निर्धारण सीमा 2.50 लाख को निरस्त कर आय सीमा 8.00 लाख लागू किया जाए।

**कुडुख भाषा में पढ़ाई हो:** आदिवासी समाज ने कहा कि सरगुजा और बिलासपुर संभाग के रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और सक्ती जिला में उरांव जनजाति की बहुलता है। ऐसे में उनकी मातृभाषा (कुडुख) की प्राथमिक शालाओं में पढ़ने की व्यवस्था हो और कुडुख भाषा शिक्षक की भर्ती की जाए।

**2 अक्टूबर को करेंगे कोयला सत्याग्रह:** विश्व आदिवासी दिवस पर रायगढ़ जिले के तमनार के ग्राम पंचायत पेलमा में भी रैली और सम्मेलन का अयोजन किया गया। जिसमें पेलमा उरवा, जरहीडीह, लालपुर, सक्ता, मडवाडूमर, मुड़ागांव के ग्रामीण महिला पुरुष शामिल हुए। सम्मेलन में पेसा कानून, सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र, ग्राम सभा विषय पर चर्चा की गई। इसके अलावा 2 अक्टूबर 2024 को कोयला सत्याग्रह का आयोजन उरवा में करने का फैसला लिया गया।

## मुंबई के कॉलेज में बुर्का-हिजाब बैन के फैसले पर रोक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कॉलेज कैंपस में हिजाब, बुर्का और नकाब पहनने पर बैन लगाने के आदेश पर आंशिक रोक लगा दी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा- स्टूडेंट्स को क्या पहनना या क्या नहीं पहनना है, इस पर प्रतिबंध नहीं लगा सकते। मुंबई के दो कॉलेजों ने कैंपस में हिजाब, बुर्का और नकाब पहनने पर बैन लगाया था। बेंच ने कहा- एजुकेशनल इंस्टीट्यूट अपनी पसंद स्टूडेंट्स पर नहीं थोप सकते। ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपको अचानक पता चलता है कि देश में कई धर्म हैं। अगर कॉलेज का इरादा स्टूडेंट्स की धार्मिक आस्था को उजागर न करने का था तो उसने तिलक और बिंदी पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया? कोर्ट ने कॉलेज चलाने वाली चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी की वकील माधवी दीवान से पूछा- क्या स्टूडेंटस के नाम से उनकी धार्मिक पहचान उजागर नहीं होती? हालांकि, बेंच ने कहा कि स्टूडेंट्स को क्लास के अंदर बुर्का पहनने और कैंपस में धार्मिक गतिविधि की इजाजत नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने सर्कुलर पर रोक लगाते हुए नोटिस जारी किया और कहा कि 18 नवंबर तक आप सर्कुलर लागू नहीं करेंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कॉलेजों सर्कुलर को बरकरार रखने की बात कही थी। इसी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई थी।

## चुनाव आयुक्त बोले- जम्मू-कश्मीर में चुनाव जल्द

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आज शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि हम जल्द चुनाव कराएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस बार जम्मू कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों में 74 सीटें जनरल और 7 एससी और पहली बार 9 सीटें एसटी के लिए आरक्षित हैं। साथ ही आगामी चुनाव में कश्मीरी माइग्रेंट्स के लिए दिल्ली, जम्मू और उधमपुर में स्पेशल बूथ बनाए गए हैं। कोई अंदरूनी ताकत सोचती है कि हम चुनावों को प्रभावित कर देंगे। हम ऐसा नहीं होने देंगे। हमें यकीन है कि जम्मू-कश्मीर के लोग विभाजनकारी ताकतों को उचित जवाब देंगे। इलेक्शन कमीशन के तीन मेंबर्स की टीम 2 दिन के जम्मू-कश्मीर दौरे पर है। गुरुवार को इलेक्शन कमीशन के साथ रीजनल और नेशनल पार्टियों से मीटिंग हुई। पार्टियों ने जल्द चुनाव कराने की मांग की थी। इससे पहले दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र शासित प्रदेश में 30 सितंबर 2024 तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे।

## पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।( एजेंसी )।** पूर्व ट्रेनी आईएएस आईएएस ऑफिसर पूजा खेडकर ने दिल्ली हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई नहीं हुई है। जस्टिस सुब्रमण्यम की बेंच ने मामले को 12 अगस्त तक टाल दिया है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद पूजा ने 8 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट में यह याचिका लगाई थी। 2023 बैच की ट्रेनी द्वुस अफसर रहीं पूजा के खिलाफ यूपीएससी ने पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। दूसरी तरफ, पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर के खिलाफ पुणे के बंद गार्डन पुलिस स्टेशन में एक और केस दर्ज हुआ है। उन पर सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है। दिलीप खेडकर जमीन विवाद में किसानों को पिस्टल से धमकाने के मामले में भी आरोपी हैं। इस केस में उन्हें अग्रिम जमानत मिली है।

# इराक बना रहा अजीबोगरीब कानून, पेश किया 9 साल की उम्र में लड़कियों की शादी का प्रस्ताव

**बगदाद ( एजेंसी )।** इराक की संसद में एक अजीबोगरीब विधेयक पेश करके सरकार ने सबको चौंका दिया है। इराक अब अपने देश में सिर्फ 9 साल की उम्र की लड़कियों की शादी को मंजूरी देने वाला प्रस्ताव पेश किया है। अगर यह पारित हो जाता है तो 9 साल की छोटी बच्चियों के साथ कोई भी वहां शादी कर सकेगा। इस प्रस्तावित विधेयक ने व्यापक आक्रोश और चिंता पैदा कर दी है, क्योंकि इसमें लड़कियों की शादी की कानूनी उम्र को घटाकर सिर्फ 9 साल करने का प्रावधान है।


एनडीटीवी की एक खबर के मुताबिक इसे इराक के न्याय मंत्रालय द्वारा पेश किया गया है। इस विवादास्पद कानून का उद्देश्य देश कानून में संशोधन करना है, जो वर्तमान में शादी के लिए न्यूनतम 18 वर्ष की आयु निर्धारित करता है। यह विधेयक नागरिकों को पारिवारिक मामलों पर निर्णय लेने के लिए धार्मिक अधिकारियों या नागरिक न्यायपालिका के बीच चयन करने की अनुमति देगा। यदि पारित हो जाता है तो यह विधेयक 9 वर्ष से कम उम्र की



लड़कियों और 15 वर्ष से कम उम्र के लड़कों को शादी करने की अनुमति देगा, जिससे बाल विवाह और शोषण बढ़ने की आशंका बढ़ जाएगी।

**इसलिए हो रहा विरोध:** आलोचकों का तर्क है कि यह कदम महिलाओं के अधिकारों और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में दशकों की प्रगति को कमजोर कर देगा। मानवाधिकार संगठनों, महिला समूहों और नागरिक समाज कार्यकर्ताओं ने युवा लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए गंभीर परिणामों की चेतावनी देते हुए विधेयक का पुरजोर विरोध किया है। उनका तर्क है कि बाल विवाह से स्कूल छोड़ने की दर बढ़ जाती है, जल्दी गर्भधारण हो जाता है और घरेलू हिंसा का खतरा बढ़ जाता है। संयुक्त राष्ट्र की बच्चों की एजेंसी यूनिसेफ के मुताबिक, इराक में 28 फीसदी लड़कियों की शादी 18 साल से पहले ही कर दी जाती है।ह्यूमन राइट्स वॉच (एचआरडब्ल्यू) की शोधकर्ता सारा संबर ने कहा, इस कानून के पारित होने से यह पता चलेगा कि देश आगे नहीं बल्कि पीछे जा रहा है।

## वायनाड में जमीन से आई रहस्यमयी आवाज, लोगों में दहशत



**वायनाड ( एजेंसी )।** वायनाड में 29-30 जुलाई देर रात 2 बजे और 4 बजे के करीब मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में लैंडस्लाइड हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गईं। केरल के वायनाड में लैंडस्लाइड वाले इलाकों में शुक्रवार (9 अगस्त) की सुबह 10.15 बजे जमीन के नीचे से आई रहस्यमयी तेज आवाज से लोग दहशत में है। अधिकारियों ने कहा कि अंबालावायल गांव और व्यथिरी तालुका में सुबह जमीन के नीचे तेज आवाज सुनाई दी। वायनाड के डीएम डीआर मेघश्री ने बताया कि घटना के बाद से इलाके के लोग डरे हुए हैं। सभी को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि रिक्टर स्केल में भूकंप के संकेत नहीं मिले हैं। आवाज किस कारण से आई है, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल इलाके के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। वहीं, वायनाड लैंडस्लाइड पर केरल हाईकोर्ट ने खुद संज्ञान लिया है। जस्टिस जयशंकरन नांबियार और जस्टिस वीएम श्यामकुमार की बेंच ने आज इस पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- यदि पर्यावरण ऑडिट किया गया है तो हमें इसकी रिपोर्ट चाहिए। समस्या यह है कि हमारे पास कई कानून हैं, लेकिन जमीन पर नजर नहीं आते।

## जया बच्चन धनखड़ से बोलीं- आपकी टोन ठीक नही

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद में राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान सपा सांसद जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ की टोन पर आपत्ति जताई। धनखड़ ने सपा सांसद को जया अमिताभ बच्चन कहकर संबोधित किया था। इस पर जया ने कहा- मैं कलाकार हूं। बॉडी लैंग्वेज समझती हूं। एक्सप्रेशन समझती हूं। मुझे माफ कीजिए, लेकिन आपके बोलने का टोन स्वीकार नहीं है। जया की इस बात से धनखड़ नाराज हो गए। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा- आप अपनी सीट पर बैठ जाइए। आप जानती हैं कि एक एक्टर को डायरेक्टर कंट्रोल करता है। मैं हर



दिन अपनी बात दोहराना नहीं चाहता। हर दिन मैं स्कूली शिक्षा नहीं देना चाहता। सभापति जगदीप धनखड़ ने आगे कहा कि आप मेरी टोन पर सवाल उठा रही हैं। इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा। आप सेलिब्रिटी हों या कोई और, आपको डेकोरम बनाकर करना होगा।

## मनीष सिसोदिया 17 महीने बाद जेल से बाहर आए

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया शुक्रवार (9 अगस्त) को 17 महीने बाद तिहाड़ जेल से बाहर आ गए हैं। आज दोपहर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई और ईडी, दोनों केस में जमानत दी। जेल से बाहर आने के बाद सिसोदिया ने आप कार्यकर्ताओं और समर्थकों से कहा- संविधान और लोकतंत्र की ताकत से जमानत मिली है। सुप्रीम कोर्ट का दिल से धन्यवाद है। यही ताकत हमारे नेता अरविंद केजरीवाल को भी जेल से रिहा कराएगी। उन्होंने आगे कहा कि जब से सुप्रीम कोर्ट का आदेश आया मेरा रोम-रोम बाबा साहेब का ऋणी महसूस कर रहा है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि बाबासाहेब का ये ऋण कैसे चुकाऊंगा। सिसोदिया तिहाड़ से सीधे अरविंद केजरीवाल के घर जाएंगे। उनकी पत्नी सुनिता केजरीवाल और परिवार के लोगों से मिलेंगे। कल वे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट जा सकते हैं। उन्हें सीबीआई ने भ्रष्टाचार केस में 26 फरवरी 2023 को और ईडी ने 9 मार्च 2023 में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। तब



से वे जेल में थे। सिसोदिया ने 28 फरवरी, 2023 को मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा- केस में अब तक 400 से ज्यादा गवाह और हजारों दस्तावेज पेश किए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में केस खत्म होने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। ऐसे में सिसोदिया को हिरासत में रखना उनके स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा।

## कुमेदपुर में बड़ा हादसा टला, तेल से भरे मालगाड़ी के 5 टैंकर पटरी से उतरे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में कुमेदपुर रेलवे स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (एनएफआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने %पीटीआई-भाषा% को बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब 10=45 बजे हुई। उन्होंने कहा, %%मालगाड़ी के कुल पांच डिब्बे पटरी से उतर गए, और किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। एनएफआर के एक सूत्र ने बताया, कटिहार के कुमेदपुर स्टेशन से गुजरते समय मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिससे मुख्य मार्ग पूरी तरह प्रभावित हो गया।

## महाराष्ट्र में भाजपा 3 दिन की संवाद यात्रा निकालेगी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि संवाद यात्रा के दौरान मंडल लेवल पर 750 जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले 8 अगस्त को भाजपा की सहयोगी पार्टी एनसीपी अजित पवार गुट ने डिंडोरी से जनसम्मान यात्रा की शुरुआत की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान लोगों से झूठ बोला कि संविधान बदला जाएगा और आदिवासियों के लाभ छीन लिए जाएंगे। हम लोगों से डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों पर लोगों से वोट मांगेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों को बताएंगे कि महाविकास अगाढ़ी अगर सत्ता में आई तो लाड़की बहन योजना और कई विकास कार्यों को रोक दिया जाएगा। वहीं, महाराष्ट्र डिप्टी सीएम अजित पवार ने एनसीपी की जनसम्मान यात्रा को लेकर कहा कि हम जनता को भगवान और खुद को जनसेवक मानते हैं। इसलिए ऐसा लग रहा है जैसे हम धार्मिक यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमने लोगों को सोलापुर सिंचाई योजना, पुणे मेट्रो, खराड़ी आईटी पार्क, बारामती हाईटेक टेक्सटाइल पार्क जैसी कई प्रोजेक्ट्स दिए है। इस यात्रा के जरिए चुनाव से पहले हम लोगों को अपनी सरकार के कामों के बारे में बताएंगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर महाविकास अगाढ़ी ने 8 अगस्त को मुंबई में बैठक की। इस बैठक में कॉमन मैनिफेस्टो, फॉर्मूले और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। मीटिंग में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद गुट) के नेता मौजूद थे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की चिंता, केंद्र सरकार ने बॉर्डर पर नजर रखने के लिए बनाई समिति

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने पड़ोसी देश में मौजूदा स्थिति के मद्देनजर भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थिति की निगरानी के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक शीर्ष अधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय समिति गठित की। शाह ने कहा कि समिति बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों, हिंदुओं और वहां रहने वाले अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वहां के समकक्ष अधिकारियों के संपर्क में रहेगी। शाह ने 'एक्स% पर कहा, ''बांग्लादेश में व्याप्त स्थिति के मद्देनजर मोदी सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) पर मौजूदा स्थिति की निगरानी के लिए एक समिति गठित की है। समिति बांग्लादेश में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ संपर्क बनाए रखेगी, ताकि वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों, हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

समिति की अध्यक्षता एडीजी (अतिरिक्त महानिदेशक), सीमा सुरक्षा बल, पूर्वी कमान करेंगे। बीएसएफ एडीजी के अलावा समिति के चार अन्य सदस्यों में दक्षिण बंगाल सीमांत के लिए बीएसएफ के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी), त्रिपुरा सीमांत के लिए आईजीपी, भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण (एलपीएआई) के सदस्य (योजना एवं विकास) और एलपीएआई के सचिव शामिल हैं।

## अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई लोकसभा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अठारहवीं लोकसभा के दूसरे सत्र की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई जिसमें केंद्रीय बजट 2024-25 को मंजूरी देने की प्रक्रिया संपन्न हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा से पहले बताया कि इस सत्र में 15 बैठकें हुईं जो 115 घंटे तक चलीं और सदन की कार्य उत्पादकता 136 प्रतिशत रही।

अठारहवीं लोकसभा के दूसरे सत्र की शुरुआत 22 जुलाई को हुई थी जिसमें 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में केंद्रीय बजट 2024-25 पेश किया। अध्यक्ष बिरला ने बताया कि सदन में बजट पर सामान्य चर्चा 27 घंटे 19 मिनट तक चली जिसमें 181 सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा का जवाब वित्त मंत्री सीतारमण ने 30 जुलाई को दिया। लोकसभा में 30 जुलाई से पांच अगस्त तक स्वास्थ्य मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय और मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद इन्हें मंजूरी दी गई। सदन ने गत पांच अगस्त को केंद्रीय बजट से संबंधित विनियोग विधेयक 2024 को मंजूरी दी। इसके अलावा लोकसभा के इस सत्र में वित्त विधेयक 2024, जम्मू कश्मीर विनियोग विधेयक 2024 और भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 को पारित किया गया। अध्यक्ष बिरला ने सदन को सूचित किया कि इस सत्र में 12 सरकारी विधेयक पेश किए गए। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रियों ने 86 तारांकित प्रश्नों के उत्तर दिए तथा शून्यकाल में लोक महत्व के 400 विषय उठाए गए।

## लोकसभा स्पीकर ने बनाई 31 सांसदों की जेपीसी कमेटी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर विचार के लिए संसद के दोनों सदनों की एक 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की आज घोषणा की गई। संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने इस समिति के गठन की घोषणा की। इस समिति में 21 सदस्य लोकसभा के और दस सदस्य राज्यसभा के होंगे। समिति में शामिल लोकसभा के सदस्य -जगदंबिका पाल, निशिकांत दुबे, तेजेस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, डॉ. संजय जायसवाल, दिलीप सैकिया, अभिजीत गंगोपाध्याय, डी.के. अरुणा, गौरव गोगोई, इमरान मसूद, मोहम्मद जावेद, मोहिबुल्लाह, कल्याण बनर्जी, ए. राजा, डी. लावू श्रीकृष्णा, दिलेश्वर कामत, अरविंद सावंत, महात्रे बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ, नरेश गणपत म्हास्के, अरुण भारती और असदुद्दीन ओवैसी हैं। समिति में राज्य सभा के सदस्य - बृजलाल, मेधा विश्राम कुलकर्णी, गुलाम अली, राधामोहन दास अग्रवाल, सैयद नासिर हुसैन, मोहम्मद नदीमुलहक़, मोहम्मद अब्दुल्ला, वी विजयसाई रेड्डी, संजय सिंह और धर्माधिकारी वीरेन्द्र हेगड़े हैं।

## सीएम नीतीश ने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का लिया जायजा

**पटना ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़क मार्ग से पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री अटल पथ होते हुए जेपी गंगा पथ पहुंचे और कंगन घाट तक गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान जेपी गंगा पथ के कंगन घाट, काली घाट, गांधी घाट एवं कृष्णा घाट पर रूककर गंगा नदी के आसपास के इलाकों की स्थिति को देखा और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अशोक राजपथ को



जेपी गंगा पथ से मिलने वाले कृष्णा घाट पर निर्माणाधीन पहुंच पथ की भी मुख्यमंत्री ने जानकारी ली और तेजी से निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गंगा नदी के किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह अलर्ट रहें और सारी तैयारी पूर्ण रखें। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त-सह-जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, जिलाधिकारी डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## संसद सत्र खत्म होने के बाद चाय पर चर्चा, प्रधानमंत्री से मिले राहुल गांधी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। कार्यवाही स्थगित होने से पहले स्पीकर ओम बिरला ने सदन में मॉनसून सत्र के दौरान हुए कामकाज का लेखाजोखा रखा। उन्होंने सदन से पारित विधेयकों के साथ ही निजी संकल्प पर हुई चर्चा का भी जिक्र किया। स्पीकर ने कहा कि इस सत्र के दौरान प्रोडक्टिविटी 136 परसेंट रही। संसद सत्र स्थगित होने के बाद शुक्रवार को अनौपचारिक चाय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक दूसरे का अभिवादन किया और गर्मजोशी से नमस्ते



किया। राहुल गांधी ने राजनाथ सिंह से यूक्रेन की स्थिति के बारे में पूछा, जिस पर रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत इस पर कड़ी नजर रख रहा है। अनौपचारिक बैठक के दौरान बाकी प्रमुख दलों के भी नेता मौजूद रहे। अनौपचारिक बैठक की तस्वीर में पीएम मोदी, ओम बिरला, अमित शाह, राजनाथ सिंह, राहुल गांधी, किरेन रिजिजू, पीयूष गोयल और चिराग पासवान बैठे नजर आ रहे हैं। भाजपा सांसदों ने शुक्रवार को विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की स्थिति पर उनकी चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है।

# बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलेंगे सूर्यकुमार

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव दिलीप ट्रॉफी से पहले कोयंबटूर में होने वाले बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलेंगे। इस टूर्नामेंट का आयोजन तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन एकादश कर रहा है। ये टूर्नामेंट 27 से 30 अगस्त तक खेला जाएगा। सूर्यकुमार इसमें मुम्बई की ओर से खेलेंगे। वहीं सरफराज खान इसके लिए टीम के कप्तान बनाये गये हैं क्योंकि नियमित कप्तान आजिंक्य रहाणे अभी काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक अधिकारी ने कहा, ''सूर्यकुमार मुंबई के लिए दूसरा मैच खेलेंगे। वह भारत के लिए सभी तीनों प्रारूप में खेलना चाहते हैं। इस कारण वह जब भी खाली रहते हैं तो मुंबई के लिए खेलने को तैयार रहते हैं। सूर्यकुमार 27 से 30 अगस्त तक कोयंबतूर में तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन एकादश के खिलाफ मुंबई सीए एकादश की ओर से दूसरे मैच में खेलेंगे। सूर्यकुमार इसमें खेलकर टीम के युवाओं कों प्रेरित करना चाहते हैं। इस टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों की टीमें घरेलू क्रिकेट सत्र से पहले अपनी तैयारियों को परखती हैं।

पिछली बार इसमें मध्य प्रदेश टीम ने मेजबान तमिलनाडु एकादश को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई थी तब यह मुकाबला ड्रा रहा था पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर मप्र को विजेता घोषित किया गया था।

# बीसीबी ने सेना प्रमुख को लिखा पत्र, नहीं छोड़ी वर्ल्ड कप की मेजबानी की उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने महिला टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी को लेकर उम्मीदें नहीं छोड़ी हैं। हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच देश की अंतरिम सरकार ने आपातकाल लगा दिया है। इस बीच बोर्ड ने गुरुवार को बांग्लादेश के आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ जनरल वकर-उज-जमान को पत्र लिखकर टूर्नामेंट के आयोजिन के लिए सुरक्षा आश्वासन मांगा है। टूर्नामेंट 27 सितंबर को अभ्यास मैचों के साथ शुरू होने वाला है। इस बीच आईसीसी बांग्लादेश की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उसने मेजबानी के विकल्पों पर भी विचार किया है। टूर्नामेंट को शिफ्ट करना पड़ता है तो बांग्लादेश के टाइम जोन वाले देश में इसे करान के संभावना है।

भारत, यूएई और श्रीलंका इसकी आवश्यकता के अनुरूप है। वहीं नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को गुरुवार को नए चुनाव होने तक देश चलाने के लिए नियुक्त किया गया। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देशश छोड़ने के बाद, बीसीबी के अध्यक्ष नजमुल हसन को भी बांग्लादेश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। वे हसीना की पार्टी अवामी लगी के सासंद हैं। हालांकि, बोर्ड के कुछ अन्य पदाधिकारी ढाका में ही हैं और इस बड़े आयोजन की मेजबानी को लेकर उम्मीद बनाए हुए हैं। बीसीबी के अंपायर कमिटी के चेयरमैन इफ्तेखार अहमद मिठू ने क्रिकबज से कहा है कि, हम टूर्नामेंट की मेजबानी करने की कोशिश कर रहे हैं।






# निशानेबाज स्वप्निल दर्शनों के लिए गणपति मंदिर पहुंचे

**पुणे (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले स्वदेश लौटने के बाद सबसे पहले भगवान का आशीर्वाद लेने के प्रसिद्ध दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर पहुंचे। इस दौरान वहां आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने कहा, 'यह पदक मेरा नहीं बल्कि पूरे देश का है। यह मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों, सरकार और राष्ट्रीय महासंघ का है। मैं भाग्यशाली हूं कि मैं राज्य के लोगों को गर्व का अनुभव करा सका। कुसाले ने कहा, 'मैं स्वदेश लौटकर सबसे पहले बप्पा की पूजा और आरती करना चाहता था। यह मेरा दूसरा घर है। कुसाले ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच और परिवार के सदस्यों को दिया और कहा कि वह अगली बार स्वर्ण पदक जीतने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, 'कोच और परिवार के सदस्य बहुत मेहनत करते हैं। कुसाले ने कहा, 'खिलाड़ी अपनी ट्रेनिंग पर काम करता रहता है पर जो लोग उसके पीछे हैं उन्हें बहुत ही ज्यादा त्याग करना पड़ता है, इसलिए मैं उन्हें इस पदक का श्रेय देता हूं। इस स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय बने कुसाले ने कहा कि उन्होंने इस दौरान दबाव से निपटना सीखा। उन्होंने कहा, 'मेरे परिवार ने मुझे कभी नहीं बताया कि घर पर क्या हो रहा है लेकिन उन्होंने मुझे वह सब कुछ दिया जो मैंने मांगा। उन्होंने मुझे कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि घर में किस चीज की कमी है।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे में दो दिवसीय दिन रात्रि अभ्यास मैच खेलेगा भारत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम इस साल के आखिर में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय दिन रात्रि अभ्यास मैच खेलेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। यह 1991-92 के बाद पहला अवसर होगा जबकि इन दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेली जाएगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि भारतीय टीम 30 नवंबर से कैनबरा के मनुका ओवल में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय दिन रात्रि अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम की एडिलेड में होने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच की तैयारी में मदद करने के लिए यह अभ्यास मैच कार्यक्रम में जोड़ा गया है। भारत ने 2020-21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी एक दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला था।

# 'गोल्डन ब्वॉय' को मिला 'सिल्वर', पाकिस्तान के अरशद नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैम्पियन नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक की भालाफेंक स्पर्धा में रजत पदक जीतकर लगातार दो ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड खिलाड़ी बन गए लेकिन पाकिस्तान के अरशद नदीम ने ओलंपिक में नये रिकॉर्ड के साथ बाजी मार ली। 26 वर्ष के नीरज का दूसरा थ्रो ही उनका एकमात्र वैध थ्रो रहा जिसमें उन्होंने 89 . 45 मीटर फेंका जो इस सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। इसके अलावा उनके पांचों प्रयास फाउल रहे। उन्होंने तोक्यो में 87 . 58 मीटर के थ्रो के साथ पीला तमगा जीता था। वहीं नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए दूसरा थ्रो ही 92 . 97 मीटर का लगाया। उन्होंने छठा और आखिरी थ्रो 91 . 79 मीटर का लगाया ।पाकिस्तान का 1992 बार्सीलोना ओलंपिक के बाद यह पहला ओलंपिक पदक है। इससे पहले दस मुकाबलों में नीरज ने हमेशा नदीम को हराया था। पिछला ओलंपिक रिकॉर्ड नॉर्वे के आंद्रियास टी के नाम था जिन्होंने 2008 में बीजिंग खेलों में 90 . 57 मीटर का थ्रो फेंका था। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स 88 . 54 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज लगातार दो ओलंपिक व्यक्तिगत स्पर्धा का पदक जीतने वाले तीसरे और ट्रैक और फील्ड के पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले पहलवान सुशील कुमार (2008 और 2012) और बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू (2016 और 2021) यह कारनामा कर चुके हैं। नदीम को हांगझोउ एशियाई खेलों में नीरज से प्रतिस्पर्धा करनी थी लेकिन आखिरी मौके पर चोट के कारण उन्होंने नाम वापिस ले लिया। नीरज ने उन्हें 2018 एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में हराया था।

# श्रीलंकाई क्रिकेटर जयविक्रमा पर लग सकता है प्रतिबंध

**दुबई (एजेंसी)।** श्रीलंकाई क्रिकेटर स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा पर प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है। जयविक्रमा पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भ्रष्टाचार रोधी आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं। जयविक्रमा पर पर आरोप है कि उन्होंने मैच फिक्सिंग से जुड़ी पेशकश की जानकारी नहीं देने के साथ ही सबूतों को नष्ट करना शामिल है। इस स्पिनर पर आरोप हैं कि उसने साल 2021 में अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ-साथ लंका प्रीमियर लीग के मैच फिक्स करने के लिए की गई पेशकश की जानकारी आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई को नहीं दी थी। आईसीसी ने अपने एक बयान में कहा, 'इस श्रीलंकाई स्पिनर पर कथित तौर पर भ्रष्ट पेशकश से जुड़े संदेशों को हटाने का आरोप है। आईसीसी ने इस खिलाड़ी को जवाब देने के लिए अभी 14 दिन का समय दिया है। जयविक्रमा पर आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.4.4 के तहत आरोप लगाया गया है। ये अंतरराष्ट्रीय मैचों को फिक्स करने की भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने को लेकर है। इसमें भ्रष्टाचार निरोधक इकाई को देरी के बिना रिपोर्ट नहीं करना शामिल है।


# हॉकी इंडिया का बड़ा ऐलान, संन्यास के बाद पीआर श्रीजेश को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम की दीवार कहे जाने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य मेडल जीतने के बाद संन्यास ले लिया। हालांकि, अब भी वह टीम से जुड़े रहेंगे। शुक्रवार को हॉकी इंडिय ने दिग्गज खिलाड़ी को जूनियर पुरुष हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह अब युवा टीम को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे। भारत ने गुरुवार को स्पेन को 2-1 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही श्रीजेश ने हॉकी को अलविदा कह दिया। श्रीजेश लंबे समय से भारतीय हॉकी टीम के अहम सदस्य रहे हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भी शानदार प्रदर्शन किया और विरोध टीम के सामने दीवार बनकर खड़े रहे। स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले में भी श्रीजेश ने अंतिम क्वार्टर में शानदार बचाव किए थे और उन्हें बढ़त लेने से रोका था। इस तरह टीम ने श्रीजेश को जीत के साथ विदाई दी। साथ ही फैंस से श्रीजेश से संन्यास के बाद लगातार उनके वापसी की मांग कर रहे थे।




# घरेलू क्रिकेट से ही मिलते हैं हमें नये खिलाड़ी-रोहित

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि टीम में चयन घरेलू क्रिकेट विशेषरुप से रणजी ट्रॉफी में प्रदर्शन के आधार पर होता है। रोहित के अनुसार टेस्ट और एकदिवसीय के लिए टीम चयन में रणजी के प्रदर्शन को सबसे अधिक देखा जाता है हालांकि उन्होंने माना कि चयन के लिए आईपीएल के प्रदर्शन पर भी नजर रहती है पर सबसे अहम घरेलू क्रिकेट है। उन्होंने इन बातों को गलत बताया कि आईपीएल के कारण घरेलू प्रतियोगिताओं का महत्व कम हुआ है। उन्होंने कहा कि कि टेस्ट और एकदिवसीय टीमों के लिए खिलाड़ियों के चयन के मामले में भारत का घरेलू ढांचा सबसे अहम है। रोहित ने कहा, हमारा हमेशा से यही लक्ष्य रहा है। हमारा मानना है कि जो खिलाड़ी उपलब्ध हैं, वे रणजी ट्रॉफी अवश्य खेलें। हमारा घरेलू क्रिकेट हमारे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए रीढ़ की हड्डी जैसा है। बहुत से खिलाड़ी जो अब देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, वे घरेलू क्रिकेट खेलकर ही आए हैं, इसलिए हमारा घरेलू क्रिकेट सभी के लिए महत्वपूर्ण है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह प्रतिस्पर्धी बना रहे। कप्तान ने आगे कहा, हमें घरेलू सर्किट से ही युवा खिलाड़ी मिलते हैं, आईपीएल से नहीं। जब आप टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट के लिए खिलाड़ियों का चयन करते हैं, तो इस बात पर काफी चर्चा होती है कि रणजी ट्रॉफी, एकदिवसीय प्रारुप , सैयद मुश्ताक अली और इस तरह की अन्य प्रतियोगिताओं में कौन अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। रोहित ने कहा, आईपीएल निश्चित रूप से एक ऐसा प्रारुप है, जहां चुनौतियां अलग हैं। यह दोनों की प्रतिस्पर्धा है। आईपीएल भी हमारा क्रिकेट है अंत में उसी को अवसर मिलेगा जो सभी में बेहतर होगा।



# भारतीय टीम अब एक माह आराम के बाद बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम को श्रीलंका दौरा समाप्त हो गया है। हस दौरे में भारतीय टीम को जहां टी20 में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में 3-0 से जीत मिली थी। वहीं रोहित शर्मा की कप्तानी में एकदिवसीय सीरीज में उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम को श्रीलंका में 27 साल के बाद किसी एकदिवसीय सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है।

अब भारतीय टीम को करीब एक माह से अधिक का ब्रेक मिला है। टीम अब अपना अगला मैच 19 सितंबर को बांग्लादेश से अपनी ही धरती पर खेलेगी हालांकि जिस प्रकार के हालात बांग्लादेश में है उसमें उसके भारत दौरे पर आशंकाएं भी लगायी जा रही हैं। अभी तक तय कार्यक्रम के अनुसार भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट चेन्नई में 19 सितंबर से शुरु होगा जबकि दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक कानपुर में होगा। टेस्ट सीरीज के बाद भारत श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलेगा। बांग्लादेश सीरीज के बाद भारतीय टीम को न्यूजीलैंड से खेलना है। कीवी टीम 24 अक्टूबर से 8 नवंबर तक होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत दौरे पर आयेगी। टेस्ट सीरीज के बाद, भारत चार मैचों की टी20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका जाएगा। ये सीरीज 8 नवंबर से 15 नवंबर के बीच खेली जाएगी। भारत इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर सीरीज खेलेगा।



## ग्राम पंचायत बाबूपुर की दोनों अवैध हड्डी फैक्ट्री सील

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सोहावल विकासखंड मुख्यालय की ग्राम पंचायत बाबूपुर में शेरगंज और चंडी माता मंदिर के पास इटौरा में चल रही अवैध हड्डी फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में शुक्रवार को एसडीएम रघुराज नगर राहुल सिलाडिया ने प्रदूषण नियंत्रण और राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ शेरगंज और इटौरा में स्थापित हड्डियों का मौका मुआयना और जांच की। स्थल निरीक्षण और तथ्यों के परीक्षण के बाद सोहावल और बाबूपुर के ग्रामीण जनों की पर्यावरण प्रदूषण की समस्या और मीडिया की खबरों और ज्ञापन में की गई शिकायतों के तथ्य प्रमाणित पाए जाने पर एसडीएम राहुल सिलाडिया ने शेरगंज और इटौरा स्थित सोहावल बोन इंडस्ट्री को सील कर दिया।

# पुलिस ने पकड़े मवेशी तस्कर, ट्रक में लोड कर यूपी ले जाए जा रहे थे 137 भेड़-बकरी



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना की कोठी थाना पुलिस ने मवेशी तस्करों के गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर 137 नग भेड़-बकरियों समेत ट्रक जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, कोठी थाना पुलिस ने रात के वक्त घेराबंदी कर मवेशियों की तस्करी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में शिवा कुशवाहा पिता राजकुमार कुशवाहा (25) निवासी श्यामनगर अहरी टोला थाना नागौद, रोहित पटेरिया पिता पन्नेलाल पटेरिया (26) निवासी मझगवा गर्गान टोला थाना मझगवां, जितेन्द्र कोल पिता छकोड़ी कोल (35) निवासी लालपुर कोलगढी थाना नागौद एवं हंसराज पिता देवा कोल (35) निवासी लालपुर कोलगढी थाना नागौद शामिल हैं। थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत ने बताया कि मुखबिर के जरिये ट्रक में मवेशियों को क्रूरता पूर्वक लोड कर सतना से यूपी तरफ ले जाए जाने की खबर मिली थी। पुलिस ने नाकाबंदी कर जब ट्रक (ख्310 परिवारष्ट 8433) को रोका और उसकी तलाशी ली तो उसमें 137 नग भेड़ और बकरियां लोड थीं। वाहन में चारो आरोपी भी मौजूद थे।पूछताछ के दौरान वे मवेशियों के परिवहन के संबंध में कोई दस्तावेज भी पेश नहीं कर सके। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर ट्रक जब्त कर लिया और मवेशियों को मुक्त कराया।

## शौचालय के लिए बनाए टैंक के गड्ढे में डूबने से तीन बच्चियों की मौत

### पैर फिसलने से गड्ढे में गिरीं

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले गोविंदगढ़ अंतर्गत तमरा गांव में शुक्रवार को नापंचमी में पुतली बहाने गई तीन बच्चियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में मातम छा गया है। मारने वाली तीनों मासूम की उम्र 12 से 15 साल हैं और तीन बहने एक ही परिवार की है। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने तीनों बच्चियों के शव बरामद कर मर्चुरी में रखवा दिया है।

घटना के संबंध में गांव के छोटे लाल रजक ने बताया कि नाग पंचमी के त्योहार में पुतली बहाने की प्रथा है। इसी के तहत गांव में राजू रजक के द्वारा शौचालय के लिए बनाए टैंक के गड्ढे मे छह फीट से अधिक पानी भरा था। इसी में यह बच्चियां पुतली बहाने गई थी। इसी बीच इनका पांव फिसल गया और तीनों गड्ढे में गिर गईं। जिससे तीनों बच्चियों की मौत हो गई। शाम को इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें निकला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद परिवार में कोहरम मच गया है। बताया जा रहा है यह टैंक का गड्ढा राजू रजक ने बनवाया था।

**लापरवाही से हुआ हादसा:** बता दें कि बारिश में दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में गड्ढे खुले पड़े हैं। ऐसे में बारिश का पानी भरने से इन गड्ढों में हादसे हो रहे हैं। इस घटना ने प्रशासन के उस दावों को फिर से खोखला साबित कर दिया है जिसमें जिले के सभी गड्ढों को बंद करने का दावा किया गया था।

## दो लग्जरी कार में एक क्विंटल गांजा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में नशे के कारोबार को रोकने की दिशा में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गोविंदगढ़ पुलिस ने गुरुवार की रात दो लग्जरी कार से एक क्विंटल गांजा जप्त किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस अब इन आरोपियों से पूछतांछ कर गांजे के उड़ीसा व आंध प्रदेश के मुख्य आरोपियों की पूछतांछ कर रही है।

पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने मामला का खुलासा करते हुए शुक्रवार को बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली की रीवा-शहडोल मार्ग में दो कार में अवैध माद्यक पदार्थ लोड है।इस पर पुलिस अधीक्षक ने एएसपी आंचल सोनकार, डीएसपी हिमाली पाठक, राजीव पाठक और उदित मिश्रा और गोविंदगढ़ थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल को कार्रवाई के निर्देशित किया। इस पर पुलिस को गोविंदगढ़ मजीद ढाबा के पास कार सीजी 04 के वाई 7734 और सीजी 10 ए डब्ल्यू 1453 में आती दिखी। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार में सवार शिवम तिवारी निवासी बडखुरा अमरपाटन जिला सतना और शनिदयाल रावत निवासी रतहरा रीवा और विजय गुप्ता निवासी गढ़ को पकड़ा है। इतनी बड़ी मात्रा में गांजा पकड़ने पर एसपी ने टीम में शामिल सभी को पुरूस्कृत किया है।

**उड़ीसा और आंध प्रदेश से आती है खेप:** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपियों ने बताया कि उड़ीसा और आंध प्रदेश के लगे गांव से यह गांजे की खेप आती है। इसके लिए वहां उन्हे एक नम्बर मिलता है। इस नम्बर में फोन करने के बाद वहां से गाड़ी ले जाकर लोड की जाती है। इससे आरोपियों को उनके वास्तविक ठिकाने का पता नहीं चल पाता है। इस संबंध में पुलिस अब मुख्य आरोपियों तक पहुंचने की दिशा में काम कर रही है।

## हस्तकला कौशल मशीनी युग में भी लोकप्रिय

### आर्ट एंड क्राफ्ट कौशल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा की हस्तकला और पारंपरिक कौशल वर्तमान के मशीनी युग में भी लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में प्रतिभा होती है और प्रशिक्षण से प्रतिभा में निखार आता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिला बाल विकास विभाग द्वारा बाल संरक्षण कार्यालय सतना में आयोजित आर्ट एण्ड क्राफ्ट कौशल प्रशिक्षण के समापन अवसर पर कलेक्टर ने प्रशिक्षण ले रही बेटियों से कहा कि हस्तकला के कौशल में निखार लाने के साथ ही अपनी पढ़ाई-लिखाई पर भी केंद्रित रहे। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह, सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी, विंध्या राइजिंग संस्था की प्रीति सिंह एवं जबलपुर से आए आर्ट एण्ड क्राफ्ट के मास्टर ट्रेनर भी उपस्थित थे।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने बेटियों द्वारा तैयार की गई कलाकृति एवं आर्ट हैण्डी क्राफ्ट की सामग्रियों का अवलोकन करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में कुछ ना कुछ विशेष प्रतिभायें होती है। प्रतिभा में निखार लाकर कभी-कभी प्रदर्शन में आउटपुट इतना बेहतर होता है, जिसकी कल्पना भी उस कलाकार ने नहीं की होती। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प कला को शौकिया के अलावा प्रोफेशनल तरीके से भी अपनाया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि बेटियां कला कौशल के साथ शिक्षा पर भी केंद्रित होकर अपना भविष्य और कैरियर बेहतर बनाएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सौरभ सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा के निर्देशन में बेटियों के कौशल उन्नयन, क्षमता निर्माण, कैरियर एवं शिक्षा के क्षेत्र में नित नए नवाचार किये जा रहे हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों के आत्मरक्षार्थ और व्यक्तित्व विकास के कार्यक्रम चलते रहेंगे। कार्यक्रम में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने प्रतिभागी बालिकाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत देखरेख एवं संरक्षण के कार्य में 50 बालिकाओं को तीन दिवसीय आर्ट एण्ड क्राफ्ट कौशल प्रशिक्षण दिया गया है।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार 9 अगस्त से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखलावद्ध शुरुआत की गई है। जिले के विभिन्न स्थानों एवं जनपद स्तर पर 9 अगस्त को तिरंगा यात्राएं निकाली गई।

## जानकीकुण्ड चिकित्सालय में 10 अगस्त को ह्रदय रोग कैंप



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज द्वारा स्थापित संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित जानकीकुंड चिकित्सालय में 10 अगस्त दिन शनिवार को विशाल ह्रदय रोग शिविर का आयोजन होना है जिसमे मुंबई की सुप्रसिद्ध डा हेतन शाह मुख्यरूप से अपनी सेवा देंगी।जानकीकुण्ड चिकित्सालय के प्रशासक डा ए बी एस राजपूत और जानकीकुण्ड चिकित्सालय की वरिष्ठ जनरल सर्जन डा पूनम अडवाणी (डा निर्मला गेहानी )ने जानकारी देते हुए बताया कि चित्रकूट जैसे ग्रामीण अंचल में अच्छी चिकित्सा का अभी काफी अभाव है इसी को देखते हुए जनहित के लिए श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं चिकित्सालय टीम द्वारा ये फैसला लिया गया कि जानकी कुण्ड चिकित्सालय में जनरल सर्जन, जनरल फिजिशियन,हड्डी रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विषेज्ञ, फिजियोथरैपी, गैनकोलाजिस्ट आदि के चिकित्सक तो मौजूद है पर अन्य बीमारियों के चिकित्सक नही इसके लिए हर महीने टी बी कैंप, न्यूरो कैंप,नाक कान गला कैंप भी आम जनमानस को लाभ पहुंचाने के लिए आयोजित हो रहे हैं पर आजकल सबसे ज्यादा लोग ह्रदय की बीमारियों से ग्रसित हो रहे है इसलिए ह्रदय रोग शिविर भी लगाने का निर्णय लिया गया है।

## मैहर कलेक्टर ने सुनी फोन पर आवेदकों की समस्यायें

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड द्वारा शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक टेलीफोन नंबर 07674-299232 के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं तहसील स्तर की शिकायतों को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए। सुनवाई में जिले भर से 8 शिकायतें प्राप्त की गई। इस दौरान आवेदक संतोष कुमार सोनी निवासी अमदरा ने बताया कि मेरी जमीन पर कब्जा किया गया है। रामकृष्ण विश्वकर्मा निवासी परसिया द्वारा बताया गया कि घर का रास्ता बंद होने पर अभी तक रास्ता नहीं खुलवाया गया।

जिसमें सीईओ जनपद पंचायत अमरपाटन के द्वारा कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है। इसी प्रकार रामस्वरूप तिवारी निवासी थाना अमरपाटन के पास द्वारा बताया गया कि सेंट्रल बैंक अमरपाटन में खाता खुला हुआ है जिसमें खाते को केसीसी बनवाकर किसी दूसरे खातेदार द्वारा बैंक खाते से पैसा निकाल लिया गया है। तहसील अमरपाटन निवासी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि पुराना तहसील कार्यालय के पास गोमती रखकर कब्जा कर लिया गया है। रास्ता बंद होने से आने-जाने में परेशानी हो रही है।

# राजस्व महाअभियान 2.0 के अंतर्गत कलेक्टर ने की समीक्षा



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।**कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व महाअभियान 2.0 के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड की अध्यक्षता में शुक्रवार को सम्पन्न समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम मैहर विकास सिंह, एसडीएम अमरपाटन आरती यादव, रामनगर डॉ आरती सिंह सहित तीनों ब्लाक के तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत मैहर जिला 10 वे स्थान में है। जिसे टॉप-फाइव तक पहुंचने का लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नामांतरण, बटवारा के मैहर, अमरपाटन और रामनगर के लंबित मामलो का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य की गति बढ़ाते हुए ध्यानपूर्वक नए मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नए प्रकरण को 15 दिवस का समय सीमा पूर्ण होने और किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर निराकरण करने की समीक्षा की। इसी प्रकार बटवारा में एक महीने की समय सीमा पूर्ण होने पर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान में प्रकरणों के निपटारे के लिए लंबित शिकायतों को 2 से 3 दिनों के अंतराल में प्रकरण का निराकरण करने के आदेश दिये। बटवारे में दस्तावेज के किसी प्रकार की त्रुटि होने पर ओवर राइटिंग नहीं करने तथा बटवारे के दस्तावेज के साथ नक्शे की बटर पेपर में लाल स्याही से चिन्हित कर फाइल संलग्न कर रिकार्ड रूम में जमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ई केवाईसी, नक्शा तरमीम की कारवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही नामांतरण के लंबित मामले को शून्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अतिवर्षा होने की वजह से सभी विभागीय अधिकारी अलर्ट रहे। किसी प्रकार की सूचना मिलने पर संबंधित विभाग को सूचित करे एव नदी, तालाबों और बांध की निगरानी करें एवं अपने-अपने कार्य क्षेत्र में लगातार कॉर्डिनेट करते रहे।

## मुख्यमंत्री लाडली बहनों के खाते में जारी करेंगे राशि



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 अगस्त को श्योपुर जिले के विजयपुर के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश भर की लाडली बहनों को अगस्त माह की मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की मासिक किश्त और रक्षाबंधन के अवसर पर 250 रूपये की अतिरिक्त राशि खाते में सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से आयोजित होगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के मुख्य स्थल सहित नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाया जायेगा। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने आयुक्त नगर निगम, जनपद के सीईओ तथा सीएमओ, नगर पालिका को अपने-अपने क्षेत्र में शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम को उत्सव के रूप में आयोजित करने के निर्देश दिये है।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का रक्षाबंधन के उत्सव की थीम पर मनाया जाने वाला जिला स्तरीय कार्यक्रम सतना के टाउन हाल में आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर लाडली बहना योजना की हितग्राही, लाडली बहना सेना, स्वयं सहायता समूह की महिलायें, लाडली लक्ष्मी योजना की 15 वर्ष से अधिक आयु की बालिकायें विशेष रूप से सम्मिलित होंगी। कलेक्टर ने कहा कि यह कार्यक्रम नगरीय निकायों के समस्त वार्ड, ग्राम स्तर पर आयोजित किये जायें। जिनमें चयनित स्थानों के कार्यक्रमों में प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। राज्य स्तर से प्रसारित होने वाले राशि अंतरण कार्यक्रमों को प्रत्येक ग्राम, ग्राम पंचायत, कार्यालय, नगरीय निकाय के वार्डों में सीधा प्रसारण दिखाने की समुचित व्यवस्था की जायेगी। कार्यक्रम स्थल पर बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाये। राज्य स्तर के कार्यक्रम के पूर्व ग्राम पंचायत वार्ड/स्तर के कार्यक्रमों में महिला सशक्तीकरण थीम पर रंगोली, लोक नृत्य, लोकगीत, सावन गीत, नुक्कड नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक स्थानीय कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

## ट्रक की छत्त बैठे लोगों का देर रात किया गया रेस्क्यू, कई वाहन फंसे

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा-गोविंदगढ़ मार्ग पर सिलपरा टनल में बने अंडर ब्रिज में गुरुवार की रात अचानक जल स्तर बढ़ गया है। जिसके चलते रीवा-शहडोल में मार्ग बाधित हो गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इसी बीच कुछ वाहन सिलपरा टनल के अंडर ब्रीज के नीचे फंस गए। जिसमें सवार यात्री पानी बढ़ने पर खुद को बचाने के लिये ट्रक की छत पर चले गये। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर रात करीब एक बजे रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित बाहर निकला। बताया जा रहा है कि रीवा-अमरकंटक राष्ट्रीय राज्यमार्ग में सिलपरा में टोंस जल विद्युत परियोजना की नहर के नीचे अंडर ब्रीज बनाया गया है। यहां चौबीस घंटे पानी निकलता रहता है लेकिन बारिश के कारण अत्यधिक पानी भरने से जलनिकासी तेजी से नहीं पाया और धीरे धीरे जलस्तर अंडर ब्रीज में बढ़ने लगा। इस बीच वहां से गुजर रहा एक ट्रक व बोलरो वाहन बीच में फंस गए और जल स्तर बढ़ने लगा। इसकी सूचना पर पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से रात 11 बजे से रेस्क्यू प्रारंभ कर रस्सी और लाइफ जैकेट के माध्यम से सुभाष खैरवार, प्रह्लाद रजक, राज सिंह और अशोक सिंह को बाहर निकाला। इसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## युवक का हाथ बांधकर बेरहमी से पीटा, वीडियो हुआ वायरल

### पुलिस ने संज्ञान लिया

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सोशल साइट पर एक युवक का बेरहमी पूर्वक आधा दर्जन लड़कों के द्वारा मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो मनगवां का बताया जा रहा है। इस वायरल वीडियो पर पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने संज्ञान में लिया है। इसके बाद पुलिस वीडियो में दिख रहे पीड़ित और मारने वाले युवकों की पहचान में लगी हुई है। वीडियो में एक युवक के हाथ बांधकर उसको जमीन में लिटा पांच से छह युवक पीटते नजर आ रहे हैं। कुछ युवक के उसे पांव से मार रहे है तो कुछ युवक हाथ से, इस दौरान युवक भागने का प्रयास भी करता है लेकिन उसे घसीटकर जमीन में गिराकर बेरहमी पूर्वक पीटते नजर आ रहे हैं। दिल को झकझोर वाले इस वीडियो की जांच पुलिस में जुट गई है।

**बढ़ती जा रही है संख्या:** इन दिनों जिलों में बढ़ी संख्या में अपराधिक मामलों के वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो पर पुलिस दबाव के कारण त्वरित एक्शन देखकर अब इन वीडियो की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इससे जहां कुछ सकरात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इसके बढ़े नरात्मक परिणाम भी सामने हैं जहां लोग आपात समय में उनकी मदद नहीं कर वीडियो बनाते नजर आते है।

# जिले में हर घर तिरंगा अभियान की गतिविधियां प्रारंभ



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार पूर्व वर्षों की भांति सतना जिले में भी 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान को जन अभियान के रूप में मानने और इसे ग्रामीण स्वच्छता विकास एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सभी जनपद पंचायत के सीईओ, नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार गतिविधियों और कार्यवाहियां संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रभात फेरी/झंडा यात्रा का आयोजन किया जाए प्रमुख रूप से यदि किसी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का घर अथवा शहीद स्मारक है तो उसे आवश्यक रूप से सम्मिलित किया जाए। सभी शासकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज सम्मान पूर्वक फहराने एवं उतारे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसी प्रकार सभी ग्राम वासियों के घरों की छतों पर राष्ट्रीय ध्वज, ध्वज संहिता का पालन करते हुए लगाया जाए। सभी विद्यालयों में राष्ट्रीय पर्व से संबंधित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे वाद-विवाद, निबंध, लेखन, भाषण, प्रतियोगिता, रंगोली एवं चित्रकला की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए। 9 से 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों का संचालन अनिवार्य रूप से किया जाए। एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी इस अभियान के साथ जोड़कर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं। विद्यालयों/महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज की महिमा, गरिमा एवं महत्व के बारे में बताया जाए।

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया जाकर समुदाय के लोगों के सहयोग से स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई जाए। ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत अमृत सरोवर स्थलों पर ध्वजारोहण, स्वच्छता कार्यक्रम एवं तिरंगा यात्रा आवश्यक रूप से आयोजित करें।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।